


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 14 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-255 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 15 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका

### एक लाख रुपए का जुर्माना भी ठोका

**नई दिल्ली,14 दिसंबर।** कोयला लेव्ही के मामले में सालभर से जेल में निरुद्ध सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है. इसके साथ सुप्रीम कोर्ट ने एक लाख रुपया का जुर्माना भी लगाया.जानकारी के अनुसार, सौम्या चौरसिया के अधिवक्ताओं ने कोर्ट में ईडी की कार्यवाही के विधिक अधिकारों को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में पेश याचिका में कहा है कि याचिकाकर्ता महिला है, और उसके छोटे बच्चे हैं. मामले की सुनवाई में लंबा समय लगना है, इसलिए उसे जमानत दी जाए. इसके पहले हाईकोर्ट सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारिज कर चुका है.

बता दें कि भूपेश सरकार में सौम्या चौरसिया की गिनती सबसे ताक़तवर अधिकारी रही हैं. राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया भूपेश बघेल



सरकार में सीएम सचिवालय में उप सचिव पद पर पदस्थ थीं. कोल लेव्ही के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सौम्या चौरसिया को 2 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से लगातार सेंट्रल जेल रायपुर में निरुद्ध है.प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार, छत्तीसगढ़ में कोयला ट्रांसपोर्टिंग में 25 रुपए टन की लेव्ही वसूली की जाती थी. लेकिन भूपेश बघेल सरकार ने लेव्ही वसूली के लिए नियमों को परिवर्तित किया गया था. इसका फायदा माफिया ने उठाया, जिसका किंगपिन सूयर्कांत तिवारी था, ईडी के अनुसार, सूयर्कांत तिवारी को यह असीमित शक्ति और प्रभाव भूपेश बघेल सरकार की ताकतवर अधिकारी सौम्या चौरसिया से हासिल होते थे.

#### पांच सौ करोड़ का स्कैम

ईडी ने मामले में सौम्या चौरसिया के अलावा सूयर्कांत तिवारी, कोल वाशरी संचालक सुनील अग्रवाल, आईएएस समीर बिश्नोई, आईएएस रानू साहू, समेत अन्य को अलग-अलग तारीखों पर गिरफ्तार किया था. ईडी का आरोप है कि यह स्कैम क़रीब पांच सौ करोड़ रुपए का था. इस लेव्ही से हासिल राशि से चल-अचल संपत्तियां अर्जित की गईं, जिनमें कई बेनामी भी हैं.

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद: मथुरा की शाही ईदगाह के सर्वे को मंजूरी

**लखनऊ,14 दिसंबर।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर विवाद में हिंदू पक्ष को बड़ी राहत दी है। काशी के बाद अब मथुरा की शाही ईदगाह परिसर में सर्वे को लेकर हाईकोर्ट ने मंजूरी दे दी है। शाही ईदगाह में सर्वे को लेकर काफी समय से हिंदू पक्ष सर्वे को लेकर मांग कर रहा था।

सर्वे को लेकर हिंदू पक्ष ने जिला कोर्ट से लेकर हाईकोर्ट तक का दरवाजा खटखटा चुका है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबे समय से श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह को लेकर विवाद चल रहा था। गुरुवार को हाईकोर्ट ने 18 याचिकाओं पर सुनवाई करने के बाद ये फैसला दिया। हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह परिसर में सर्वे को लेकर एक कमिश्नर नियुक्त करने का भी आदेश दिया है जो मंदिर परिसर का सर्वे कराएगा। हालांकि कमिश्नर की इस टीम में कितने सदस्य होंगे, इसको लेकर कोर्ट 10 दिसंबर को निर्देश देगा। बतादें कि ज्ञानवापी के बाद मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद में भी सर्वे कराने को लेकर हिंदू पक्ष ने याचिका दायर की थी। इसको लेकर काफी समय से जिला कोर्ट से लेकर हाईकोर्ट तक सुनवाई चल रही थी। छह नवंबर को कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद फैसले को सुरक्षित रख



लिया था। गुरुवार को हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया। कृष्ण जन्मभूमि मामले में हाईकोर्ट के फैसले पर हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया इलाहाबाद ल्ठउ ने हमारे आवेदन को स्वीकार कर लिया है, जहां हमने अधिवक्ता आयुक्त द्वारा (शाही ईदगाह मस्जिद) के सर्वेक्षण की मांग की थी। तौर-तरीके 18 दिसंबर को तय किए जाएंगे। उन्होंने कहा, शाही ईदगाह मस्जिद के तर्कों को खारिज कर दिया है। मेरी मांग थी कि शाही ईदगाह मस्जिद में हिंदू मंदिर के बहुत सारे चिन्ह और प्रतीक हैं, और वास्तविक स्थिति जानने के लिए एक अधिवक्ता आयुक्त की आवश्यकता है। यह अदालत का एक ऐतिहासिक फैसला है।

## डिप्टी सीएम एक्शन में

### सड़क निर्माण एजेंसी पर बड़ी कार्रवाई

**कवर्धा,14 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने डिप्टी सीएम की शपथ लेते के तत्काल बाद ही कबीरधाम जिले के सोशल मीडिया से चल रही सड़क पेंचवर्क के गुणवत्ताहीन कार्यो को संज्ञान में लिया। उन्होंने संबधित लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी को जिले के सहसपुर लोहारा से रेंगाखार के बीच पीडब्ल्यूडी अंतर्गत पेच रिपेयरिंग के कार्यो को जांच के निर्देश दिए।



सोशल मीडिया में खबर चल रही थी कि उक्त मार्ग में डामर सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था लेकिन सड़क निर्माण के दो दिन बाद ही सड़क उखड़ गई उप मुख्यमंत्री के आदेश पर विभाग के अधिकारियों के द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर उक्त सड़क की जांच किया गया और सड़क को अमान्य घोषित कर पुनः सड़क निर्माण कार्य कराने ठेकेदार को आदेशित किया गया। डिप्टी सीएम ने कहा कि अब छत्तीसगढ़ में प्रदेश में सुशासन का राज चलेगा और गलत काम करने वालों के खिलाफ वुल्डोजर चलेगा। उन्होंने सख्त निर्देशित करते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए।लोकहित में हो रहे समस्त निर्माण कायो में गुणवत्ताहीन कार्यों पर सख्ती बरती जाएगी।

## महंत रामसुंदर दास ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

### पत्र में लिखा- हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए दे रहा त्यागपत्र

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**रायपुर,14 दिसंबर।** रायपुर दक्षिण से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे महंत रामसुंदर दास ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है. बता दें कि विधानसभा चुनाव में महंत को 67 हजार से ज्यादा वोटों से हार मिली है।इस हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है. जानकारी के अनुसार, महंत राम सुंदर दास रायपुर दक्षिण से विधायक बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफ चुनाव लड़े थे. लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा. इस वजह से उन्होंने आज इस्तीफा दे दिया है. पीसीसी चीफ दीपक बैज को अपना त्यागपत्र सौंपा दिया है.

बता दें कि इससे पहले कांग्रेस के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दिलीप षडंगी ने इस्तीफा दिया था. रामसुंदर दास महंत ने इस्तीफे के बाद कहा, मैंने अपनी भावना से पार्टी को अवगत कराया है, मैं ऐसा मानता हूं कि कांग्रेस के सभी वरिष्ठ ने विश्वास करके मुझे अपना प्रत्याशी रायपुर दक्षिण विधानसभा से बनाया. सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ मिलकर बहुत मेहनत की, लेकिन परिणाम अप्रत्याशित रहा. बहुत लंबे वोटों के अंतर से पराजय का सामना करना पड़ा है, जिसका नैतिक जिम्मेदारी मैं स्वयं को मानता हूं.

#### ढेबर दूधाधारी मठ पहुंचे मनाने

रायपुर. महंत रामसुंदर दास को मनाने महापौर एजाज ढेबर दूधाधारी मठ पहुंचे. महापौर एजाज ढेबर ने कहा, इस्तीफे पर चर्चा हुई. महंत जी पुनः विचार कर रहे हैं. 3 या 4



लोग और बात करेंगे तो शायद मान जाए. उन्होंने हार का इतना बड़ा अंतर आएगा यह सोचा नहीं था. अगर वह हारे हैं तो हम स्वीकारते हैं कि जनता हमारे साथ नहीं थी. मैंने कहा, आप संघर्ष करें हम आपके साथ हैं. समझदार आदमी है महाराज, इसलिए मैंने कहा कि थोड़ा समय आराम कर लीजिए. महाराज व्याकुल हैं, उन्हें शॉक लगा है.

## शिवराज,वसुंधरा व रमन को नई भूमिका दी जाएंगी: नड्डा

**नई दिल्ली,14 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पीढ़ीगत बदलाव लाने के लिए राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में नए नेतृत्व की घोषणा की है। पार्टी की राज्य राजनीति में बड़े घटनाक्रम ने पुराने नेताओं-वसुंधरा राजे, शिवराज सिंह चौहान और रमन सिंह- के भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनकी भविष्य की भूमिका और पार्टी द्वारा नए मुख्यमंत्रियों की चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बात की। नड्डा ने कहा कि सभी तीन पूर्व सीएम पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और उन्हें पार्टी में उनके स्थान के अनुरूप भविष्य की भूमिकाएं दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी में हर किसी को उसका हक दिया गया है। हमारी पार्टी एक छोटे से कार्यकर्ता का भी उपयोग करना बंद नहीं करती है। यह पूछे जाने पर कि क्या पूर्व मुख्यमंत्रियों में से किसी ने असंतोष दर्ज किया है, नड्डा ने कहा कि कुछ हद तक बैठ जाओ जैसी कमांडिंग भाषा का उपयोग उचित नहीं है। नड्डा ने कहा कि मैं उनसे कहता हूं कि 'आपने पार्टी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चूँकि हम एक नई दिशा की ओर बढ़ रहे हैं, हमें इसमें आपके समर्थन की आवश्यकता है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगे बताया कि उनकी पार्टी न केवल वरिष्ठ पदों पर बल्कि जमीनी स्तर पर भी किसी नेता का चयन करने के लिए गहन शोध करती है। मुख्यमंत्री से चयन के सावल पर नड्डा ने कहा कि भाजपा में सभी कार्यकर्ताओं पर गहराई से नजर रखी जाती है- उनके इतिहास, उनकी गतिविधियों और उनकी प्रतिक्रियाओं पर। और हमारे पास एक बहुत बड़ा डेटा बैंक है, और हम समय-समय पर इसका अध्ययन करते हैं। उन्होंने कहा कि जब चुनाव घोषित हुआ, जब से हमने उम्मीदवारों को टिकट दिया... हमारा नेता कौन होगा, विपक्ष या सत्ता पक्ष के लिए कौन अच्छा नेता होगा, तभी से चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई। यह एक सतत प्रक्रिया है। चुनाव नतीजे आने के बाद यह सिलसिला तेज हो गया है। गहन मंत्रणा होती है।यही बात कैबिनेट चयन के लिए भी लागू होती है। भाजपा ने तीन बार के विधायक मोहन यादव को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में चुना, पूर्व राज्य पार्टी अध्यक्ष विष्णु देव साई को छत्तीसगढ़ में शीर्ष पद के लिए और पहली बार विधायक बने भजन लाल शर्मा को राजस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में चुना।

#### जो किसान धान बेच चुके हैं उन्हें भी 3100 रुपये राशि दी जाएगी

**रायपुर,14 दिसंबर।** हमारी सरकार 3100 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी करेगी. जो किसान धान बेच चुके हैं उन्हें 31 सौ रुपये राशि दी जाएगी. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में वह सभी बातें आएंगी जो हमने चुनाव के समय कही हैं. लॉ एंड ऑर्डर के लिए विशेष रूप से यह सरकार धरातल पर मिलेगी. पसीना बहाते मिलेगी, परिश्रम करते मिलेगी।

## पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को नोटिस

**रायपुर,14 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कांग्रेस सरकार के मुखिया पर गंभीर आरोप लगाए थे. इस मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जयसिंह अग्रवाल को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है. चुनाव में हार के बाद जयसिंह अग्रवाल ने कहा था कि इस चुनाव में एकजुटता नहीं थी, इस बार का चुनाव सेंट्रलाइज था. पिछले चुनाव में जो जनादेश मिला, उसका सरकार कदर नहीं कर पाई. मंत्रियों को पावर नहीं मिल पाई. एक ताकत सेंट्रलाइज होकर कुछ लोगों के साथ सरकार चलाती रही. मंत्रियों का जो जिले में प्रभाव होता है, उसे बाधित किया गया. इतना ही नहीं जयसिंह अग्रवाल ने संगठन के सर्वे पर भी सवाल उठाया. उन्होंने कहा कि, विधायकों के परफार्मेंस का सर्वे सरकार का मुखिया करवाता था. उस सर्वे पर कभी चर्चा नहीं हुई, जो फर्जी सर्वे था. आगे जयसिंह अग्रवाल ने बिना किसी का नाम लिए कहा, खेतों को सुरक्षित रखने के लिए बाड़ा बनाया जाता है. अगर वो बाड़ा ही खेत को खाए तो क्या होगा.

## चेमल खदान से लौह अयस्क परिवहन ठप

### ग्रामीणों ने रोके सौ से अधिक ट्रक

**भानुप्रतापपुर,14 दिसंबर।** कांकेर जिले के दुर्गुकोंदल विकासखंड स्थित चेमल खदान से लौह अयस्क परिवहन कर रहे 100 से अधिक ट्रकों के पहिए बीते पांच दिनों से थमे हैं. अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत खदान के आसपास के गांव के रहवासी ट्रकों को रोककर रखे हुए हैं. जंगल में बिना राशन-पानी के ट्रकों के खड़े रहने से चालक-परिचालक परेशान हैं. वहीं ट्रक मालिकों का कहना है कि प्रबंधन और ग्रामीणों की लड़ाई में ट्रकों को रोकना उचित नहीं है. प्रशासन से अनुरोध के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर रोष जता रहे हैं. वहीं आंदोलनरत ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर कंपनी के अधिकारियों के अलावा किसी से बात नहीं करने पर अड़े हुए हैं. यहां तक मीडिया से भी चर्चा करना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं.



## राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा, डेरेक ओ ब्रायन सस्पेंड

**नई दिल्ली,14 दिसंबर।** आज संसद में राज्यसभा सभापति के साथ झड़प के बाद तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ'ब्रायन को निलंबित कर दिया गया है। लोकसभा सुरक्षा उल्लंघन की घटना पर हंगामे के बीच सदन के सभापति के साथ झड़प के बाद तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ'ब्रायन को अपमानजनक कदाचार के लिए राज्यसभा से निलंबित किया गया है। गुरुवार को राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के एक घंटे बाद, विपक्षी सांसद संसद सुरक्षा उल्लंघन पर चर्चा की मांग करते हुए सदन के वेल में आ गए। सुरक्षा उल्लंघन पर चर्चा के लिए विपक्षी सांसदों ने दिन भर के लिए कामकाज स्थगित करने की मांग करते हुए 28 नोटिस दिए। सभापति धनखड़ ने नोटिस को अस्वीकार कर दिया और विपक्षी सांसद सदन के वेल में चले गए। उन्होंने नारेबाजी की और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जवाब मांगा। धनखड़ ने सांसदों के ₹अनियंत्रित व्यवहार₹ की निंदा करते हुए कहा कि यह नियमों का उल्लंघन है। इस समय, तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ'ब्रायन आसन के सामने वाले क्षेत्र में चले गए और अपनी बांहें हवा में लहरा दीं। इससे धनखड़ नाराज हो गए और उन्होंने ओ'ब्रायन का नाम लेते हुए कहा कि उन्हें सदन छोड़ देना चाहिए। सभापति द्वारा नामित व्यक्ति को उस दिन की कार्यवाही से हटना पड़ता है। धनखड़ ने डेरेक ओ'ब्रायन के आचरण को सभापति की "अवज्ञा" और "गंभीर कदाचार" बताया।इसके बाद, उच्च सदन ने ओ'ब्रायन को शेष सत्र के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव अपनाया। डेरेक ओब्रायन के निलंबन के बाद बृहस्पतिवार को राज्यसभा में हंगामा। सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंसह्ण (इंडिया) के घटक दलों के नेताओं ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले को लेकर बृहस्पतिवार को एक बैठक की और सरकार से आग्रह किया इस मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए गृह मंत्री अमित शाह विस्तृत बयान दें तथा दोनों सदनों में इस विषय पर चर्चा कराई जाए।

### सत्ता परिवर्तन का प्रभाव छत्तीसगढ़ की खेल गतिविधियों पर होगा

jasclaudius@gmail.com

## ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया जाना जरूरी


**जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

2023 के विधानसभा चुनाव के बाद इस प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री तथा अरुण साव, विजय शर्मा ने उपमुख्यमंत्री का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। छत्तीसगढ़ का खेल संसार अब राज्य में खेलकूद गतिविधियों के सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से चलाये जाने की उम्मीद कर रहा है। इस दिशा में खेल विभाग में आमूलचूल बदलाव संबंधी कई महत्वपूर्ण निर्णय अपेक्षित है। नये प्रदेश के गठन की वजह से छत्तीसगढ़ में एक नवम्बर 2000 के पश्चात खेलकूद जगत में हलचल आ गई। एक तरफ अधिकृत खेलों में भाग लेने के लिए नये प्रतिभागियों की टीम बनने लगी दूसरी तरफ भारतीय ओलंपिक संघ नईदिल्ली के तत्वावधान में खेल संघों का उन्नयन होने लगा। जिला खेल संघ के पदाधिकारी राज्य खेल संघ को संभालने लगे। शुरुवाती दौर में खेल प्रेमियों, खेल आयोजकों, राजनीतिज्ञों, खेल अधिकारियों ने इस नवनिर्मित राज्य में खेल को बढ़ावा देने के लिए निरंतर आपसी सहयोग दिया। फिर 2003 से 2018 तक भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में जिला से लेकर राज्य स्तर के खेल संघों का व्यवस्थित गठन हो पाया। तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की सरकार ने प्रदेश में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल मैदान/एरिना तथा विभिन्न खेल संघों के स्टेडियम बनाने में प्रभावी भूमिका निभाई। दुर्भाग्य की बात है कि 2018 के पश्चात भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने खेलकूद की ओर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया। सिर्फ खेल अकादमी के गठन की घोषणा से ही खेलों व खिलाड़ी का हित साधा नहीं जा सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आरंभ खेलों इंडिया योजना की वजह से छत्तीसगढ़ राज्य में खेल गतिविधियों को गति मिली। केंद्र सरकार के खेल विभाग ने प्रदेश के रायपुर व राजनांदगांव में भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षण केंद्र खोले। आज जबकि विश्व स्तर पर प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए ग्रीष्म व शीतकालीन ओलंपिक में आयोजित 28 कोर खेलों को बढ़ावा दिये जाने की जरूरत है तो छत्तीसगढ़ में इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाये गये। यह ठीक है कि पारंपरिक खेलों या लुप्तप्राय खेलों को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए परंतु इसका अर्थ यह भी नहीं है कि पदक जीतकर छत्तीसगढ़ और भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने वालों के कोर ओलंपिक खेलों की उपेक्षा की जाए। 2018 से लेकर 2023 तक हमारे राज्य के खेल विभाग ने कोर ओलंपिक खेलों तथा अन्य मान्यता प्राप्त खेलों में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ियों की कितनी उपेक्षा की गई इसका आंकलन राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर के, उन्हें प्रशिक्षकों से तथा उनके अभिभावकों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर प्राप्त किया जा सकता है। लोक खेलों को संरक्षित व बढ़ावा दिये जाने का प्रस्ताव किस खेल अधिकारी या राजनेता या सलाहकार द्वारा की गई इस पर से पर्दा उठाना छत्तीसगढ़ के खेल हित में होगा। तीन-तीन माह तक खेल स्पर्धा के आयोजन के नाम पर जिस तरह पूरे प्रदेश के नागरिकों, छात्र-छात्राओं, नौजवानों, महिलाओं को उलझाकर रखा गया इसका खुलासा होना भी उचित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशा के अनुरूप खेलकूद को भारत के गांव-गांव तक पहुंचाने वहां की प्रतिभाओं को तराशने की मंशा के अनुरूप यह जरूरी है कि छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष भूपेश बघेल को तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दे देना चाहिए। हालांकि उनका कार्यकाल अगस्त 2024 तक है चूंकि वे इस पद पर मुख्यमंत्री होने के कारण चुने गये थे। अतः इस प्रदेश के उदयीमान खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों को खेलकूद में आगे बढ़ने के लिए खुला आसमान मिल सके।

## अवैध तरीके से दीवार गिराने पर पूर्व विधायक को थमाया नोटिस

**रायपुर,14 दिसंबर।** पूर्व विधायक विनय जायसवाल को उनकी सोसायटी ने नोटिस जारी किया है. जायसवाल को अवैध तरीके से बाउंड्री गिराने के संबंध में नोटिस जारी किया है. जिस पर 15 दिनों के भीतर दीवार को वापस बहाल करने कहा गया है.सोसायटी ने नोटिस में कहा कि मैग्नेटो सिग्नेचर होमसोसायटी चरण 1 और सेलेक्ट 22 संपत्ति में आपकी संपत्ति से सटे टरलअररट परिसर की दीवार के अवैध विध्वंस के संबंध में आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए मजबूर है. यह मैग्नेटो सिग्नेचर होम्ससोसाइटी की सुरक्षा और गोपनीयता से संबंधित एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है. परिसर की दीवार को गिराना सीधे तौर पर सोसायटी के नियम-कानून का उल्लंघन है. आपने कभी भी किसी भी समय सोसायटी के पदाधिकारियों से इस विषय पर चर्चा नहीं की. नोटिस में आगे कहा गया है कि जल्द से जल्द (15 दिनों के भीतर) मूल योजना के अनुसार परिसर की दीवार को बहाल करें. अन्यथा सोसायटी आपकी लागत पर काम करेगी. यदि आपके पास कोई प्रश्न है तो आप हमारे संपत्ति प्रबंधक से बात करने के लिए स्वतंत्र हैं.





MagnetoSignatureHomesAwasiyaSahakari Samiti Maryadit
Reg.No:815,PanNo:AAOAM7653G

## संक्षेप

### साय कैबिनेट की बैठक में कई निर्णय

**रायपुर,14 दिसंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज महानदी भवन नवा रायपुर में चल रही



प्रथम कैबिनेट की बैठक खत्म हो गई है।इस बैठक में सीएम ने किसानों और गरीब परिवारों के लिए कई बड़ी घोषणाएं की है। इस दौरान बैठक में उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा समेत कई विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। विष्णुदेव साय कैबिनेट की बैठक में लिए गए ये अहम फैसले

**इन योजनाओं पर किया जाएगा कार्य-** कृषक उन्नित योजना,महतारी वंदना योजना,18 लाख प्रधानमंत्री योजना एवं निर्मल जल अभियान,बोनस की गांरटी,पीएससी परीक्षा में पारदर्शिता।

### राजधानी में आयकर के छापे

**रायपुर,14 दिसंबर।** आयकर विभाग ने रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई में छापा मारा है. इंदौर और नागपुर के करीब 200 अधिकारियों की टीम छत्तीसगढ़ में अलग-अलग जगहों में छापेमारी कर रही है. जानकारी के अनुसार रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग भिलाई के कोल्ड स्टोरेज और अनाज व्यवसायियों के ठिकानों पर टीम की छापेमारी जारी है. राधामोहन टावर के सभी अनाज व्यापारी, इसके अलावा लाल गंगा मिडॉज में व्यवसायियों के यहां आयकर की टीम पहुंची हुई है. जांच जारी है. राजधानी में समता शॉपिंग आर्केड, तेलघानी नाका चौक, सिलतरा, कुशालपुर में टीमों की जांच जारी है. समता शॉपिंग आर्केड स्थित केके एग्रो ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, तेलघानी चौक स्थित दाल कारोबारी सूरज पल्सेस, सिलतरा स्थित राजेश्वरी कोल्ड स्टोरेज के ठिकानों पर रेड जारी है. मौके पर एमपी पुलिस और सीआरपीएफ के जवान मौजूद हैं. जानकारी के मुताबिक अन्य राज्यों में रेड कारवाई से जुड़े तार के संबंध में यहां दबिश दी गई है.

### 19 दिसंबर को समस्त पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन

**गरियाबन्द,14 दिसंबर।** ग्राम विकास हेतु ग्राम 19 दिसम्बर को समस्त ग्राम पंचायतों में किये जाना है। साथ ही उक्त ग्राम सभा की बैठक में अतिरिक्त एजेण्डा के रूप में स्वच्छ भारत मिशन के बिन्दुओं पर चर्चा किया जायेगा। ग्राम पंचायतों में दिनांक 19 दिसम्बर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न कराने तथा ग्राम सभा में लिये गये निणर्यों की अधिकतम 15 मिनट की विडियो रिकार्डिंग की जानी है तथा विडियो को ₹ग्राम सभा निर्णय मोबाईल एप्प में अपलोड किया जाना है। तदानुसार आयोजित ग्रामसभा के गतिविधियों को वाईब्रेट ग्राम सभा पोर्टल एवं जी पी डी पी पोर्टल में शत्-प्रतिशत अपलोड किया जायेगा। ग्रामसभा सम्मिलन पूर्ण कराने के पश्चात प्रतिवेदन जिला कार्यालय को भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया हैं ।

### मेरे बेटे को फांसी दी जाए

**नई दिल्ली,14 दिसंबर।** लोकसभा की सुरक्षा में चूक के मामले में संसद कक्ष में घुसने वाले युवकों की पहचान सागर और मनोरंजन के रूप में हुई है. मनोरंजन कर्नाटक के मैसूर का रहने वाला है.

मनोरंजन के पिता देवराज ने कहा, ह्यअगर मेरे बेटे ने कुछ अच्छा किया है तो बेशक मैं उसका समर्थन करता हूं लेकिन अगर उसने कुछ गलत किया है तो मैं उसकी कड़ी निंदा करता हूं. अगर उसने समाज के लिए कुछ गलत किया है तो उसे फांसी दी जाए.

## एक नजर



### खुले में पीने वालों पर हो रही कार्रवाई

**भिलाई, 14 दिसंबर।** भिलाई नई सरकार बदलते ही पुलिस ने भी सख्त रुख अपनाते हुए मॉडिफाइड वाहन, अड्डेबाजों और सार्वजनिक स्थलों पर कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने एक सप्ताह के भीतर 68 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। इसके अलावा 10 मोडिफाइड साइलेंसर/प्रेशर हार्न पर कार्रवाई कर कुल 50 हजार रुपए फाइन किया है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि अड्डेबाजी वाले स्थानों को चिन्हांकित कर थानों की टीम बनाकर मौके में दबिश देकर अड्डेबाजी करने वाले स्थानों में जहां पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता था जहां दबिश देकर शराब आदि सेवन करते पकड़ा गया सुपेला पुलिस ने लगातार एक सप्ताह में कुल 68 अड्डेबाजों के खिलाफ कार्रवाई की है। अभियान के दौरान एक आरोपी से मोपेड वाहन में 40 नग देशी मदिरा शराब बिक्री करते पकड़ा गया, जिसे जेल भेजा गया। इसी तरह मोटर साइकिल बुलेट में मोडिफाइड साइलेंसर प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वाले 10 लोगों पर चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 50 हजार रुपए का फाइन किया। वहीं देर रात्रि में खुलने वाले चाय अड्डों पान ठेले वालों को सख्त समझाइश देते हुए कार्रवाई की ।

### पुलिस ने वाहन चोर को पकड़ा



**भिलाई, 14 दिसंबर।** भिलाई एंटी क्राइम व साइबर यूनिट दुर्ग व छावनी पुलिस की संयुक्त टीम ने एक वाहन चोर को पकड़ा है आरोपी जेल से छूटने के बाद वाहन चोरी करने लगा था पुलिस ने बताया कि आरोपी आदतन बदमाश है पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का वाहन जब्त किया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ अनुराग झा ने बताया कि बदमाशों पर नजर रखी जा रही थी मुखबीर से सूचना मिली कि जेल से छूटा हुआ आदतन बदमाश चुग्गे उर्फ सुशील साहू कहीं से मोटर साइकिल चोरी कर बेचने की फिराक में केनाल रोड खुर्सीपार के पास बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर चुग्गे को पकड़ा गया ।

### नशीली दवा का जखीरा जब्त

**भिलाई, 14 दिसंबर।** भिलाई खुर्सीपार थाना अंतर्गत बड़ी मात्रा में नशीली दवाओं का जखीरा पकड़ाया। पुलिस ने एक युवक से 705 अल्प्राजोलम टेबलेट बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी खुर्सीपार क्षेत्र में घूम-घूम कर नशीली गोलियों को बेचने का काम करता था अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुराग झा ने बताया कि जेल से रिहा हुए पूर्व के आदतन नशे के कारोबारियों पर निगाह रखी जा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को पता चला कि शॉप नंबर 79 सड़क एवेन्यू सी ए मार्केट सेक्टर 1 निवासी सैफ सिद्दीकी खुर्सीपार आईटीआई बिजली ऑफिस के पास लोगों को नशीली गोलियां बेच रहा है सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर सैफ सिद्दीकी को पकड़ा गया तलाशी लेने पर सैफ सिद्दीकी के कब्जे से 47 स्ट्रीप में कुल 705 नग अल्प्राजोलम नशीली टेबलेट व बिक्री की रकम, एक मोबाइल बरामद कर जब्त किया गया इस कार्रवाई में थाना खुर्सीपार से उप निरीक्षक युवराज साहू, आरक्षक सुभाष यादव, संदीप कुर्रे एसीसीयू से सउनि शमित मिश्रा, आरक्षक अरविन्द मिश्रा, रिन्कू सोनी, राकेश अन्ना, राकेश चौधरी, भावेश पटेल, गुनीत, डी प्रकाश शामिल थे।



### महापौर,आयुक्त ने बैठक में कार्य में तेजी लाने दिये निर्देश

**दुर्ग, 14 दिसम्बर।** नगर पालिक निगम के डाटा सेंटर के सभागार में महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने आज अमृत मिशन की टीम और निगम अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए।महापौर ने अमृत मिशन व निगम अफसरों को कहा कि पाइप लाइन एवं पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य शहर क्षेत्र अंतर्गत छुटे हुये जगहों पर किया जाना है जिसे मार्च तक पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने शिवनाथ नदी इंटकवेक के अंदर जाली से पंम्पो में खराबी कम होगी।अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान महापौर व आयुक्त ने कहा 24 एमएलडी इंटकवेल के चारो मोटर पम्पो अवलोकन करते रहें और इसकी जानकारी देते रहें,साथ ही उन्होंने कहा आर्य नगर पानी टंकी कार्य जल्द पूर्ण कर क्षेत्र में जलप्रदाय की सप्लाई करने के लिए निर्देश दिये।

# नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा नारायणपुर आईईडी ब्लास्ट में सक्ती जिले के शहीद के परिजनों से मिलने पहुंचे

- उपमुख्यमंत्री ने शहीद को अर्पित की श्रद्धांजलि
- शहीद के पिता से गले लगकर दी सांत्वना
- पूरे क्षेत्र में है शोक की लहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**कवर्धा, 14 दिसंबर।** विगत दिवस बुधवार को नारायणपुर जिले में हुवे आईईडी ब्लास्ट में सक्ती जिले के हसौद निवासी शहीद हुवे सपूत श्री कमलेश साहू के परिजनों से मिलने आज छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा पहुंचे। उपमुख्यमंत्री ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीद के पिता से गले लगकर सांत्वना व्यक्त की। श्री कमलेश साहू के शहादत की खबर से हसौद क्षेत्र सहित पूरे सक्ती जिले में शोक की लहर व्याप्त है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा शहीद कमलेश साहू के घर पहुंचे और शहीद के पिता श्री मुंगेश्वर साहू, माता श्रीमती तारा देवी साहू, पत्नी श्रीमती वृंदाबाई साहू समेत शहीद की बड़ी बहन श्रीमती कमलेश्वरी साहू और छोटे भाई श्री यशवंत साहू सहित अन्य परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। साथ ही ईश्वर से दुख की इस घड़ी में शहीद के परिजनों को इस दर्द को सहने के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि शहीद श्री कमलेश साहू आदम्य साहस का परिचय देते हुवे वीरगति को प्राप्त हुवे है, उनकी शहादत को नमन है। इसके साथ ही विधायक श्री केदार कश्यप, जैजैपुर विधायक श्री बालेश्वर साहू, चंद्रपुर विधायक श्री रामकुमार यादव, श्री कृष्ण कांत चंद्रा, श्री निर्मल सिंहा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, जिला सक्ती की कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक श्री एम आर आहिरे, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का मनीष ने किया अभिनंदन

**भिलाई, 14दिसंबर ।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने पूर्ण बहुमत से सरकार बना ली है और विष्णुदेव साय प्रदेश के नए मुख्यमंत्री चुने गये। इस अवसर पर भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पाण्डेय ने रायपुर में उनसे भेंटकर उनका अभिनंदन किया और शुभकामनाएं दीं । पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश एक बार फिर विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ेगा और चहुंओर विकास होगा।

### एसएन गुप्ता ने सेल के सीवीओ का पदभार संभाला



**भिलाई, 14 दिसम्बर।** एस एन गुप्ता, आईटीएस (1992 बैच) ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) का पदभार ग्रहण किया है। गुप्ता के पास विभिन्न तकनीकी और क्षमता निर्माण कार्यों में लगभग 30 वर्षों का व्यापक अनुभव है। 1992 बैच में भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) में प्रवेश करने के बाद, उन्होंने एक्सचेंज इंस्टालेशन, फील्ड ऑपरेशंस, मोबाइल ऑपरेशंस और कार्मिक एवं प्रशिक्षण में विशेषज्ञता के साथ 23 साल से अधिक समय बिताया है। गुप्ता ने पांच वर्षों तक केंद्रीय सतर्कता आयोग में निदेशक के रूप में कार्य किया और सरकार के भीतर सतर्कता तंत्र को बढ़ाने में योगदान दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण में मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में दो साल बिताए हैं, जहां उन्होंने खेल प्रशासन में पारदर्शिता और अखंडता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## गुरु घासीदास के 7 सिद्धांत और 42 अमृतवाणी सर्व समाज के लिए है सार्थक:दिनेश जोशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,14 दिसंबर ।** मध्य भारत में अनेक संतों ने जन्म लिया जिसमें संत गुरु घासीदास बाबा जी थे जो आजीवन मानव के जीवनस्तर को सुधारने के लिए साथ सिद्धांत और 42 अमृतवाणी दी जोसार्थक जीवन मूल मंत्र है समाज सेवक दिनेश जोशी कहते हैं कि गुरु घासीदास की शिक्षा संविधान में निहित जो यह सिद्ध करता है कि संत शिरोमणी परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी ने मानव समाज के उद्धार के लिए पहले ही प्रयत्न करते हुए वाणी और 42वचन समावेश उल्लेखित है। जिससे हमारे संविधन निर्मात महापुरुषों ने विचार और संदेशों पढ़कर जानकर मानव उत्थान में



सारगर्भित बातों को उल्लेख किया है।ह श्री जोशी जी द्वारा कई वर्षो से लगातार उनकी शिक्षा को सामने लाने के लिए पोस्टर बैनर,लेख, के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है लोगों से अपील एवं उनका कहना है कि गुरु की शिक्षा का उल्लेख गांव से लेकर गुरु घासीदास की जन्मस्थली गिरोधपुरी समेत सभी गुरु से संबंधित धर्म स्थलों पर किया जाना चाहिए इस संबंध में जल्द ही गीत भी आने वाला है इसकी जानकारी दी है। गुरु की शिक्षा में प्रमुख सत्य मार्ग में चलने, नशा पान से दूर रहने, स्त्रियों का सम्मान करना, जाति पाती के प्रपंच में ना आना, चोरी और जुए से दूर पशुवध और मांस न खाने ,जो आज कुछ अभाव के कारण कार्य नही करते पर संत होकर भी खेत जोत है और उनको कोडिहा बैला दिया था उनसे कृषि कार्य किया जो कि मानव समाज को सन्देश देने के लिए खेती कार्य किया। जब जंगल में ध्यान लगा रहें थे तो विभिन्न प्रकार के जंगली जानवरों के समावेश संतुलन बनाए थे उनका प्रेम की भाव प्रगट होता है,आदि प्रमुख है इन शिक्षाओं को गुरु घासीदास ने रावटी के माध्यम से पूरे छत्तीसगढ़ में फैलाए थजो आम जनमानस के जीवन को पर्यावरण के समतुल्य ऊंचा करता है कई वर्षो से सतनाम युवा संदेश उतई द्वारा 16 दिसंबर को महारैली के माध्यम से उनकी शिक्षाओं का प्रचार किया जाता है।और जोशी जी मानव समाज में शिक्षा को महत्व देते हुए आरटीई के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करता है।

# बीएसपी की औद्योगिक प्रदर्शनी में बड़े उद्योगपति हुए शामिल

**भिलाई, 14 दिसम्बर।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) - विकास कार्यालय, रायपुर द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से मानव संसाधन विकास केन्द्र के सभागार में में 13 और 14 दिसंबर 2023 को दो दिवसीय सीपीएसई स्तर विक्रेता विकास कार्यक्रम सह उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह 13 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। ए के चक्रवर्ती ने मुख्य महाप्रबंधक (जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, डीटीआईसी-दुर्ग) हरीश सक्सेना, संयुक्त निदेशक एवं एचओओ राजीव एस एवं मुख्य महाप्रबंधक (एम एम) तपन कुमार सहित बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सुस्मिता डे, मुख्य महाप्रबंधक तरूण कनरार, मुख्य महाप्रबंधक एस के घोषाल, मुख्य महाप्रबंधक एम के गोयल, मुख्य महाप्रबंधक एच के पाठक, मुख्य महाप्रबंधक के सी मिश्रा, महाप्रबंधक प्रभारी एस के डे, महाप्रबंधक प्रभारी एस चक्रवर्ती, महाप्रबंधक विकास कुलकर्णी, महाप्रबंधक यू आर कांगो, महाप्रबंधक अयान



कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक प्रभारी एम के कुलकर्णी, महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति भटनागर और उप महाप्रबंधक मनोहर शर्मा सहित बीएसपी के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। प्रदर्शनी में बीएसपी, बीएसएनएल, एनएमडीसी, पीएनबी, एसबीआई, आरबीआई, एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, दुर्ग, एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (ईसीजीसी), भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) और सिपेट सहित प्रतिष्ठित पीएसयू और राष्ट्रीयकृत बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। लघु उद्योग भारती से दुर्गा प्रसाद, डीआईसीसीआई से प्रमोद घरड़े, श्रीमती रजनी घरड़े और आर के बेले तथा नगरी सिहावा से संजू नेताम के साथ ही बीएसपी एंसिलरी एसोसिएशन और अन्य प्रसिद्ध उद्योगपतियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। ए के चक्रवर्ती ने अपने संबोधन में भिलाई इस्पात संयंत्र में एमएसई और विक्रेताओं के लिए उपलब्ध पर्याप्त व्यावसायिक संभावनाओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने एमएसई के विकास को समर्थन देने की अनिवार्यता पर जोर दिया, जिससे देश के समग्र विकास में योगदान दिया जा सके। श्री चक्रवर्ती ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि बीएसपी अपने कारोबार के अनुसार 33त्न हिस्सा एमएसई के साथ संचालित करता है, जो सरकार की 25त्न की अनुशंसित सीमा से अधिक है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बीएसपी की आधुनिकीकरण इकाइयों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग का समर्थन किया। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी के तकनीकी सत्र में जेम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी-2012, वेन्डर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, राज्य सरकार की प्रोक्योरमेंट पॉलिसी, एनएसआईसी, केवीआईसी, उद्यम रजिस्ट्रेशन, एमएसएमई पॉलिसी, छत्तीसगढ़ में अन्य सार्वजनिक उपक्रमों जैसे एनटीपीसी, एसईसीएल, एसईसीआर, एनएमडीसी, एनएसपीसीएल, पीजीसीएल आदि की प्रोक्योरमेंट पॉलिसी की जानकारी प्रतिभागी एमएसएमई इकाइयों को प्रदान की जा रही है। आरक्षित वस्तुओं सहित अन्य सामग्रियों का अधिकाधिक क्रय सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से हो सके। सत्र के दौरान उत्पादों की क्रय प्रक्रिया/योजनाओं, त्वरित औद्योगिक विकास तथा आर्थिक विकास के लिए भी सहायता को विशेष महत्व दिया जायेगा। हरीश सक्सेना ने प्रदर्शनी के विषय पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किये। श्री राजीव एस ने स्वागत भाषण दिया। श्री उमेश प्रसाद ने कार्यक्रम के संयोजक के रूप में कार्य किया तथा अरविंद तिवारी ने धन्यवाद प्रस्तावित किया। कार्यक्रम का संचालन दामोदर बेहरा द्वारा किया गया।

### भिलाई-चरौदा निगम की प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध छापामार कार्रवाई



**भिलाई-चरौदा।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा सफाई-स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार दिनांक 13-12-2023 की क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर छापेमार कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथिन के विरुद्ध अभियान चलाया । इस दौरान फल दुकान और किराना व्यवसाय करने वाले दुकानदारों के पास प्राप्त कुल 700 ग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथिन जब्त करने की कार्यवाही की गयी। साथ ही 2900-00 रुपये जुर्माना भी वसूल किया गया। निगम दल की ओर से स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा सफाई दरोगा कौशल तिवारी, सुपरवाइजर रवि वर्मा एवं अरुण कुंजाम कार्यवाही में शामिल रहे।

# गुरु घासीदास जयंती पर निकाली जाएगी सतनाम संदेश शोभायात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 14 दिसंबर।** 18 दिसम्बर बाबा गुरुघासी जी जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 16 दिसंबर 2023 दिन शनिवार को जय सतनाम युवा संदेश समिति एवं सतनामी समाज के संयुक्त तत्वाधान में भव्य सतनाम संदेश शोभायात्रा निकाली जाएगी। जय सतनाम युवा संदेश के अध्यक्ष ओमकार चतुर्वेदी ने बताया कि बाबा गुरु घासीदास जी की महिमा को एवं उनके दिए हुए संदेश को जैसे मनखे मनखे एक समान, जीव हत्या नहीं करना ,मांसाहार नहीं करना ,सत्य पर अडिग रहना ,मूर्ति पूजा नहीं करना, चोरी दुआ से दूर रहना ,किसी प्रकार की कोई नशा नहीं करना ,जाती पाती के प्रपंच में नहीं पढ़ना, स्त्रियों का सम्मान करना इन उद्देश्यों को जन जन तक



पहुंचाने के उद्देश्य से निकाला जाएगा शोभा यात्रा सुबह 10-00 बजे ग्राम पंचायत डुमरडीह से पूजा अर्चना कर मिनीमाता चौक से प्रारंभ किया जाएगा जो कि सद्भावना चौक हथखोज पारा होकर गांधी चौक से बाजार चौक स्थित गुरुद्वारा सेवा समिति होते हुए वापस मिनीमाता चौक में आकर समापन होगा। जिसकी तैयारी जोरो शोरो चल रही हैं। साथ ही सतनाम शोभायात्रा में सामिल होने वाले लोंगो के लिए भोजन की व्यवस्था की जाएगी ।

### निगम परिसर में शपथग्रहण का सीधा प्रसारण किया गया



**भिलाई, 14 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य के चौथे मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केन्द्रीय मंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, निर्वाचित विधायक एवं आम नागरिको की उपस्थिति में रायपुर के सांईस कॉलेज मैदान में राज्यपाल विश्वभूषण हरि चंदन ने मुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई। जिसका निगम प्रशासन में सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें महापौर नीरज पाल, महापौर परिषद के सदस्य साकेत चंद्राकर, संदीप निरंकारी, पार्षद हरिओम तिवारी, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी सहित सभी विभाग प्रमुख एवं अधिकारी कर्मचारी शपथ ग्रहण समारोह के लाईव टेलिकास्ट में उपस्थित रहे।

### शपथ ग्रहण समारोह का लाइव प्रसारण पक्ष विपक्ष ने साथ देखा



**रिसाली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के चौथे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का शपथ ग्रहण समारोह का लाइव प्रसारण पक्ष-विपक्ष साथ देखा। रिसाली निगम कार्यालय के सभागार में सीधा प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आतिथ्य वाले समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा के शपथ लेते ही महापौर शशि सिन्हा ने विपक्ष में बैठे पार्षदों को शुभकामनाएं दी। सभागार में नेता प्रतिपक्ष- शैलेन्द्र साहू, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, एमआईसी सनीर साहू, सोनिया देवांगन, अनुप डे, पार्षद अनिल देशमुख, सारिका, सुनंदा चन्द्राकर, शिला नारखेड़े, रेखा देवी, पार्वती महानंद, रंजिता बेनुआ, सरिता, जमुना ठाकुर, जहीर अब्बास, गजेन्द्री कोठारी, माया यादव, ममता यादव, कमलेश हिरवानी समेत रिसाली मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ओयो एप से संचालित दो होटलों को किया गया सील

**भिलाई, 14 दिसम्बर।** निगम भिलाई के आवासीय क्षेत्र में ओयो एप्प के आड़ में चल रहे होटल कारोबार के दो भवनो पर शिवाजी नगर क्षेत्र में सील बंद की कार्यवाही की गई। विधायक रिकेश सेन के नेतृत्व में निगम टीम ओयो पंजीयन एप्प के माध्यम से इवनिंग स्टार इन एवं सिटी टावर इन के नाम से सड़क 6 में दो भवनो को सील बंद किया। वार्ड 14 शिवाजी नगर क्षेत्र के लोगो ने शिकायत दर्ज कराया गया था कि आवासीय क्षेत्र के दो भवनो में ओयो एप्प के माध्यम से होटल व्यवसाय के



नाम पर अनैतिक कार्य संचालित किये जा रहे है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए निगम एवं पुलिस प्रशासन की टीम के साथ मौके पर पहुँच कर कार्यवाही के निर्देश दिये। निगम के अधिकारियों ने भवन मालिक बजरंग यादव एवं आकाश कुमार यादव से भवन के अनुज्ञा पत्र, गुमस्ता लाईसेंस, संपत्तिकर रसीद, दुकान स्थापना, होटल पंजीयन आदि आवश्यक सरकारी दस्तावेज मौके पर दिखाने की मांग की भू-स्वामी द्वारा दस्तावेज दिखाने में असमर्थता व्यक्त करने पर पुलिस प्रशासन ने भवन को खाली कराये जाने के बाद निगम के तोड़फोड दस्ता ने भवन में ताला लगाकर सील चपड़ा किया।

एक नजर

## प्रदेश में अब तेजी से होगा विकास:सोहन



**छूरिया ,14 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ मे भाजपा की जीत और विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री रमनसिंह को विधानसाभ अध्यक्ष अरुण साव व विजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर छूरिया युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सोहन साहू ने कहा इस बार सर्व आदिवासी समाज से प्रदेश को एक नया मुखिया के रूप मे मुख्यमंत्री मिला है ये काफी हर्ष की बात है वही पार्टी का ये निर्णय आम जनता को अच्छा भा रहा है प्रदेश मे विकास के कार्य तेजी से होगे जनता को राहत मिलेगी।

## साय,साव एवं शर्मा को दैनिक वेतनभोगियो ने दी बधाई

**छूरिया,14 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री गण श्री अमित शाह जी, श्री नितिन गडकरी जी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी,आसाम के मुख्यमंत्री श्री हेमन्त बिस्वा शर्मा जी सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री की गरिमामई उपस्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य में (कुनकुरी) के विधायक श्री विष्णु देव साय जी को मुख्यमंत्री, लोरमी के विधायक अरुण साव जी एवं कवर्धा के विधायक श्री विजय शर्मा जी को उप मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण करने पर छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने बधाई दिया है। और विधानसभा चुनाव में जारी संकल्प पत्र पर एक कदम आगे आकर अमल करते हुए पहली केबिनेट बैठक में राज्य के सभी विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, संविदा कर्मचारी, अनियमित कर्मचारीयों के मांगों को पूरा करने जल्द से जल्द कमेटी गठित कर उनकी मांगों को पूरा किया जा सके।

## एसपी ने की लंबित मामलों की समीक्षा

**राजनांदगांव,14 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव के सभागार में अधिकारी एवं थाना प्रभारियों की बैठक ली गई जिसमें लंबित अपराधों की समीक्षा की गई एवं जल्द से जल्द निराकरण करने का निर्देश दिया गया इसी प्रकार लंबित मर्ग एवं लंबित शिकायतों का निकाल जल्द कर के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया, जपती माल के नष्टिकारण हेतु कार्यवाही करने और अपराधों की रोकथाम हेतु ज्यादा से ज्यादा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने को कहा गया। संवेदनशील मामलों की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को देने व बड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण कर घर लौटने पर मां, पत्नी सहित परिजनों ने किया स्वागत

# कलेक्टर ने अवैध अतिक्रमण,चखना सेंटर तथा सट्टा-जुआ पर रोक लगाने कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

**राजनांदगांव ,14 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज कलेटोरेट सभाकक्ष में आयोजित सासाहिक समय सीमा की बैठक में सभी अधिकारियों को विधानसभा निर्वाचन 2023 शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं सफ्लतापूर्वक संपन्न कराने के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र शासन की प्रमुख योजनाओं, गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, ताकि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके। इसके लिए केन्द्र शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं स्वच्छ भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजनाओं सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की दिशा में कार्य किया जाना है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से कार्य किया जाएगा। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि धान खरीदी के साथ ही धान



का उठाव तेजी से कराएं। किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिलना चाहिए। अवैध अतिक्रमण, चखना सेंटर तथा सट्टा-जुआ पर रोक लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई करें। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करने की जरूरत है। विशेष अभियान के तहत कार्यालय, शासकीय अस्पताल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर ने पोषण वाटिका, निक्षय मित्र, आयुष्मान कार्ड, ऑनलाईन कोचिंग, उच्च न्यायालय के प्रकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा के भीतर करें।

जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्र सरकार की योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को चिन्हांकित कर लाभान्वित किया जाएगा। इस अभियान के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वाहन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी प्राप्त की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के प्रति जागरूकता लाने के लिए व्यापक गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिसमें जनसामान्य की सहभागिता होना चाहिए। इसके साथ ही योजनाओं से वंचित हितग्राही का चिन्हांकन करें और उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित करना है। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा, क्विज कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संदर्भ में फोटो युक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 5 दिसम्बर 2023 के माध्यम से जारी किया गया है, जिसके माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम श्री अरूण वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## खेल से हमारा शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है : भोलाराम साहू

**छुरिया,14 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम तुमडीकसा में संकुल स्तरीय बाल कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू व वरिष्ठ जनो के समक्ष संपन्न हुआ।



संकुल संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालक एवं बालिकाओं वर्ग हेतु विभिन्न खेल स्पर्धा रखी गई ।जिसमें , कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद ,रिले रेस, गोली चम्मच रेस, आलू दौड़ ,सुरीली कुर्सी आदि खेल शामिल रहा। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना किया तत्पश्चात विधायक भोलाराम साहू को बैच ,पुष्पमाला पहनाकर, प्रतीक चिन्ह भेटकर स्वागत सम्मान किया गया।विधायक भोलाराम साहू ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी रहता है ,खेल से हमारा शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है । उन्होंने आगे कहा कि खेल खेलने से ब्लॉक स्तर से जिला स्तर से राज्य नेशनल लेवल तक पहुंचता है और गांव ,परिवार, समाज का नाम रोशन करता है। श्री साहू ने आगे कहा कि इस तरह से खेल होने से अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण , छात्र छात्राएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## नवनिर्वाचित विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

### सीटी डिस्पेंसरी खोलने को लेकर की पहल

**डोंगरगढ़,14 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने जीत के बाद अपने प्रारम्भिक जिमेदारीयो का निर्वहन करते हुवे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँच औचक निरीक्षण किया।जहाँ उन्होनें मरीजो का हाल चाल जान कर खण्ड चिकित्सा अधिकारी बी पी एक्का एवम कर्मचारियों को स्वास्थ्य जिमेदारीयो को लेकर कड़ा दिशा निर्देश दिया। नवनिर्वाचित विधायक ने शहर वासियों की स्वास्थ्य



चिंताओं को ध्यान रखते हुए पुराने सामुदायिक केंद्र पर तत्काल सीटी डिस्पेंसरी खोलने का को लेकर पत्र सौपा। जिससे शहर वासियों को शहर में ही छोटे मोटे ईलाज का तत्काल उपचार शहर के भीतर ही प्राप्त हो सके। निश्चित ही इस पहल से शहर के बच्चे बुजर्गो एवम आम जनता के साथ विकलांग मरीजो को तत्काल लाभ मिलेगा। विधायक ने टीकाकरण के बारे में जानकारी ली स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए हर सहयोग देने आश्वाशत किया। इस दौरान उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजीव गोमास्ता नपाध्यक्ष सुदेश मेश्राम नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा हरीश भंडारी रामजी तराने आशीष सिंह पार्षद गण शिव निषाद मनोज साहू मनोहर कंडरा कृष्णा लिल्हारे उपस्थित रहे।

# मिल्खा सिंह पार्क में लगाये विभिन्न प्रजाति के 100 पौधे

**राजनांदगांव 14 दिसम्बर**

पर्यावरण संरक्षण एवं शहर में हरियाली को बढ़ावा देने नगर निगम द्वारा शहर में वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी कडी में आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री गणेश पवार, जिला योजना समिति के सदस्य श्री अमीन हुद्दा, नामांकित पार्षद श्री मामराज अग्रवाल, श्री प्रभात गुप्ता व श्रीमती प्रतिभा बंजारे, पूर्व पार्षद श्री अवधेष प्रजापति, पार्षद प्रतिनिधि श्री जीवन चतुर्वेदी व श्री खिलेश बंजारे, कमला देवी महिला महाविद्यालय के प्राचार्य श्री आलोक मिश्रा व प्राध्यापकों के अलावा प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव तथा प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम, उप अभियंता श्री अनिमेष चंद्राकर, श्री अशोक देवांगन व श्री तिलकराज ध्रुव ने गुरूनाकर स्कूल के बाजू स्थित मिल्खा सिंह पार्क में करंज, गुलमोहर, कदम, बदाम,



कोनोकार्पस,इस्कोथोडिया,लेग्नोमिथिया प्रजाति के 100 पौधे रोपित किये। महापौर श्रीमती देशमुख ने वृक्षारोपण के अवसर पर कहा कि आज के इस औद्योगिक युग में वृक्ष लगाना नितांत आवश्यक है। आज बडे बडे उद्योग स्थापना, कालोनी निर्माण, आदि के कारण वृक्षो की कटाई हो रही है। जिस मात्रा में वृक्ष काटे जाते है उस मात्रा में वृक्ष लग नही पा रहा है, जिससे आक्सीजन की कमी हो रही है। जिसका परिणाम हमने कोरोना के दूसरी लहर में पूरे देश में आक्सीजन की कमी को देखा है, जिससे अधिकांश लोगों की जाने गयी है। पूरा देश इस सदमे से उबर नहीं पाया है। इस बात को ध्यान में रखते हुये हम सबको प्रण लेकर अपने घर एवं उसके आस पास पौधे लगाना है, ताकि भविष्य में आक्सीजन की कमी जैसी स्थिति दुबारा निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर में विगत 2-3 वर्षो से वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिनमें से अधिकांश पौधे वृक्ष का रूप ले किये है। उन्होंने नागरिकों से पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनने की अपील की है।

# नगर निगम के स्वच्छता अभियान में चिखली तालाब के पास की गई सफाई

**राजनांदगांव,14 दिसंबर**

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शासन निर्देशानुसार 12 दिसम्बर से 16 दिसम्बर 2023 तक जनभागीदारी से स्वच्छता अभियान चलाने की कडी में कल अभियान के पहले दिन गौरव स्थल सहित शहर के ग्रामीण वार्डो में स्वच्छता अभियान चलाया गया और आज प्रातः चिखली वार्ड में शीतला मंदिर तालाब के आस पास स्वच्छता अभियान चलाकर साफसफाई की गयी। अभियान में वार्ड की पार्षद व महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख सहित स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री गणेश पवार, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के प्रभारी सदस्य श्री संतोष पिल्ले, पुर्नवास एवं नियोजन विभाग के प्रभारी सदस्य श्री भागचंद साहू, पार्षद श्रीमती पूर्णिमा नागदेवं एवं वार्ड के नागरिकों ने शीतला तालाब के आस पास साफ सफाई कर, कटिली झाड़िया काटकर, झिल्ली पन्नी उठाये। इसके अलावा मॉ पाताल भैरवी मंदिर परिसर, 18 एकड़ पेण्ड्री आदि क्षेत्रों में भी जन सहभागिता से स्वच्छता अभियान चलाकर साफसफाई किया गया।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि शहर में 12 से 16 दिसम्बर तक जन भागीदारी से स्वच्छता अभियान चलाया जाना है, नगर निगम की टीम निगम पदाधिकारी एवं जन भागीदारी से शहर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे दिल्ली दरवाजा के पास, तालाब के किनारे, मंदिर परिसर के अलावा अन्य सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई कर रहे है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान का प्रमुख उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना है। संस्कारधानी के लोग स्व स्फूर्थ होकर स्वच्छता से जुड रहे है और लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि हमे कुछ दिन चलने वाले स्वच्छता अभियान में ही नही जुडना है बल्कि हर दिन स्वच्छता अपनाकर अपने शहर को स्वच्छ एवं साफबनाना है।



## नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में ली शपथ

**बीजापुर ,14 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ शासन के नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने शपथ समारोह स्थल साईंस कालेज मैदान रायपुर में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। मुख्यमंत्री के अलावा नवनियुक्त उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव एवं श्री विजय शर्मा ने



भी शपथ ली। छत्तीसगढ़ शासन के माननीय राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर को यादगार बनाने और जिले के जनमानस को शपथ समारोह को देखने के लिए जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा सभी ब्लाक मुख्यालयों, पंचायतों, नगरीय-निकाय के सार्वजनिक स्थलों तथा सभी रीपा केन्द्रों में सीधा प्रसारण किया गया। बीजापुर स्थित नया बस स्टैण्ड में शपथ समारोह कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलीराम बघेल सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिकों ने शपथ समारोह का लाईव प्रसारण देखा इसी तरह ब्लाक एवं पंचायत स्तरों तथा नगरीय निकायों में अधिकारी-कर्मचारी एवं जनसामान्य ने शपथ समारोह कार्यक्रम के लाईव प्रसारण में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने नए मुख्यमंत्री का उत्साहपूर्वक सुना।



## विशेषज्ञ समिति ने किया उपजेल का निरीक्षण

**बीजापुर 14 दिसंबर** महिला बाल विकास विभाग नया रायपुर एवं कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशानुसार जिला बीजापुर में उपजेल निरीक्षण हेतु विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा दिनॉक 13 दिसंबर 2023 को उपजेल जिला बीजापुर का निरीक्षण किया गया, विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा प्रत्येक बैरक में जाकर बंदीयों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। जिसमें निरीक्षण के दौरान उपजेल बीजापुर के बैरक में कुल 106 निरूद्ध बंदी पाये गये, एवं सभी बंदियों से पूछताछ की गई, जेल निरीक्षण के दौरान श्री वाल्मिकी ध्रुव (उप जेल अधीक्षक) एवं विशेषज्ञ समिति के श्रीमती मिली सत्यन (सदस्य), सुश्री साधना कश्यप (सदस्य), श्री राहुल कुमार कौशिक जिला बाल संरक्षण अधिकारी, कु0 आनंदमई मल्लिक (विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी), श्री रविकांत कावड़े (आरक्षक) श्री राजूराम कश्यप (आउटरीच वर्कर), उपस्थित थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 को

**रायपुर ,14 दिसंबर**

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम दिनांक 16 दिसम्बर 2023 को अपरान्ह को बूढ़ातालाब स्वामी विवेकानंद सरोवर के परिसर में आयोजित किया गया है.

आयोजन में अति विशिष्ट जनों का आगमन प्रस्तावित है. इस संदर्भ में नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर से संबंधित आवश्यक व्यवस्थायें जैसे सफाई,पानी, प्रकाश, माईक, मंच, पण्डाल, पार्किंग एवं आवश्यकतानुसार अन्य व्यवस्थाएं करने नगर पालिक निगम के अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय को नोडल अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता श्री संजय वर्मा एवं सहायक अभियन्ता स्वच्छ भारत मिशन श्री योगेश कडु को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है. उपायुक्त बाजार, नजूल डॉक्टर आर.के. डोंगरे को आवारा मवेषियों के पकडकर मार्ग से हटाने का कार्य यातायात विभाग से समन्वय कर पार्किंग की व्यवस्था, उपायुक्त स्वास्थ्य श्री ए.के. हालदार को सम्पूर्ण परिसर एवं कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई, दवाईयों का छिड़काव, कार्यपालन अभियंता जल श्री नरसिंह फरेन्द्र को पेयजल की व्यवस्था, जोन 4 जोन कमिष्नर श्री राकेश शर्मा को सफाई, पानी, सड़को की मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था, आवश्यकतानुसार अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं, अग्निषमन वाहन, कार्यपालन अभियंता विद्युत श्री कमलेश वर्मा को स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत एवं बंद लाईटों को चालू करने का कार्य, समस्त जोन कमिश्नरों को क्षतिग्रस्त मार्गो की मरम्मत एवं अन्य व्यवस्थाओं, नगर निवेशक श्री निशीकांत वर्मा को अवैध बैनर पोस्टर, अतिक्रमण हटाने का प्रशासनिक कार्य दायित्व दिया गया है।

## ग्राम पंचायतों में 19 दिसम्बर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**राजनांदगांव 14 दिसम्बर ।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु 19 दिसम्बर 2023 को सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन करने के निर्देश दिए। भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण के लिए जन योजना अभियान 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। 2 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक अभियान के दौरान जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायतों में सामान्य सभा का आयोजन कर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कार्ययोजना का निर्माण किया जाना है। विशेष ग्राम सभा में जीपीडीपी निर्माण हेतु एलएसडीजी की 9 थीमों में से कम से कम 1 थीम पर संकल्प लिया जाकर वाइब्रेट ग्राम सभा पोर्टल में उसकी एण्ट्री करना अनिवार्य है। चयनित संकल्प को पूर्ण करने हेतु संबंधित गतिविधियों की प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी। ग्राम सभा की बैठक में लाईन विभाग से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत किया जाएगा। प्रारूप जीपीडीपी में समस्त विभाग की योजनाओं के साथ-साथ लो कोस्ट एवं नो कोस्ट गतिविधियों को भी सम्मिलित किया जाएगा। ग्राम सभा की बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में चर्चा की जाएगी। ग्राम पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्रामों में शौचालय विहीन परिवार का चिन्हांकन एवं उनकी सूची का अनुमोदन उपरांत जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत को प्रेषण किया जाएगा। ओडीएफ प्लस के मापदण्डों को पूरा करने वाले ग्रामों को ओडीएफ प्लस घोषित करने की घोषणा की जाएगी।

## स्वच्छ भारत मिशन में लोगों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया

**बीजापुर ,14 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** स्वच्छता ही सेवा



है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत व्यापक स्तर पर स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा, पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी सहित समाज सेवक, गणमान्य नागरिकगणों ने स्वस्फूर्त होकर श्रमदान किया। डीआरजी, पुलिस बल, वन विभाग, खेल अकादमी, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर पालिका, शिक्षा विभाग सहित सभी विभागों के संयुक्त प्रयास से जिला, जनपद एवं पंचायत स्तरों पर भी श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

## संपादकीय

# धारा-370 को हटाना सही फैसला था

विपक्ष व मोदी विरोधी लोगों की सबसे बड़ी कमी या खामी यही है कि उसे मोदी सरकार का किया गया हर फैसला गलत लगता है। वह उसका विरोध करते हैं और हमेशा मुंह की खाते हैं क्योंकि किसी भी सरकार का कोई फैसला हमेशा तो गलत नहीं हो सकता। कोई भी सरकार यूं ही कोई फैसला नहीं लेती है,वह लंबे समय तक सोचविचार व विचार विमर्श के बाद ही कोई फैसला लेती है। इसलिए उसका फैसला गलत होने की गुंजाइश बहुत ही कम होती है। इसलिए मोदी विरोधी व विपक्ष के नेता ही हमेशा गलत साबित होते हैं। मोदी विरोधी व विपक्ष फिर एक बार जम्मू कश्मीर से धारा-370 हटाने के मोदी सरकार के फैसले के मामले में सुप्रीमकोर्ट में गलत साबित हुए है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में धारा-370 हटाने के फैसले को सही बताया है। धारा-370 हटाने का फैसला मोदी सरकार ने 5 अगस्त 2019 को किया था। इसके बाद से ही कश्मीर के नेताओं सहित विपक्ष के नेताओं ने इसका विरोध शुरू कर दिया था। उनका मानना था कि मोदी सरकार ने यह फैसला राजनीतिक दुर्भावनावश लिया है तथा यह असंवैधानिक है। हमेशा की तरह कुछ लोग इस मामले को भी सुप्रीम कोर्ट इस उम्मीद में ले गए थे कि शायद इस सुप्रीम कोर्ट मोदी सरकार के खिलाफ फैसला दे दे। लेकिन हमेशा की तरह सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा फैसला दिया है जो विपक्ष व कश्मीर के नेताओं को पसंद नहीं आ रहा है लेकिन अब फैसले के लिए सुप्रीम कोर्ट गए हैं तो उसके फैसले को मानना मोदी विरोधी व कश्मीर के नेताओं के लिए जरूरी है। धारा-370 के तहत जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा मिला हुआ था। इससे वहां की जनता को कम वहां के नेताओं को ज्यादा फायदा था, इसलिए वह इसको हटाने का विरोध करते थे। भाजपा ने तो अपने घोषणापत्र में कई सालों से यह वादा करती आ रही था कि उसकी सरकार बनी तो धारा-370 को हटाआ जाएगा। पूर्ण बहुमत वाला सरकार बनने पर भाजपा ने इसे 2019 में हटाया। इसे हटाने के साथ ही कश्मीर को जो विशेष दर्जा मिला हुआ था वह समाप्त हो गया। वह भी अन्य राज्यों की तरह हो गया। वहां के नागरिक भी अन्य राज्यों के नागरिक के समान हो गए। वहां भी भारतीय कानून लागू हो गया। भारतीयों को अन्य राज्यों में जो हक हासिल थे, जम्मू कश्मीर में भी सभी भारतीयों को हासिल होने लगे। जम्मू कश्मीर पर सभी भारतीयों का हर समान रूप से हो गया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद यह साफ हो गया है कि जम्मू कश्मीर में धारा-370 स्थायी नहीं था। वह अस्थायी था, उसे लाया इसलिए गया था कि जम्मू कश्मीर को भारत से जोड़े रखा जा सके। उसका मतलब यह तो नहीं था कि जम्मू कश्मीर को हमेशा के लिए विशेष राज्या का दर्जा दे दिया गया है। कांग्रेस की कश्मीर नीति के कारण वहां के नेताओं को लगता था कि यह तो उनका विशेषाधिकार है, उसे कोई सराकर वापस नहीं ले सकती। केंद्र में कांग्रेस सरकार जब तक रही तब तक किसी कांग्रेस की सरकार ने इसे हटाने की कभी कोई बात तक नहीं की। जम्मू कश्मीर को भारत से जोड़े रखने के लिए इसे जरूरी मानती थी। यही वजह है कि उसने इसे अस्थायी है जानते हुए भी हटाने का कभी प्रयास नहीं किया। इसी परिणाम था कि कश्मीर मे अलगाववाद के बाद आतंकवाद की समस्या बनी रही। वहां एक तरह से अलगाववादियों व आतंकवादियों ने अपनी सामानांतर सत्ता बना ली थी,वहां वही होता था जो वह चाहते थे। भाजपा जानती थी कश्मीर में अलगाववाद व आतंकवाद को समाप्त करना है तो पहेल धारा370 समाप्त करना होगा। ऐसा भाजपा ने किया उसकी वजह से ही आज कशमीर में शाति है। सुप्रीम कोर्ट ने सही फैसला किया है, इससे कश्मीर में अलगाववाद कमजोर होगा। कश्मीर भी अन्य राज्यों की तरह शांति के साथ विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा।

राजनीति

अनिल पुरोहित, वरिष्ठ पत्रकार



# ताजपोशी के साथ नए संकल्पों के पथ पर ऊर्जा और विश्वास के नए आलोक में भाजपा की असली परीक्षा

भाजपा को अब अपने संगठन के स्तर पर भी पर्याप्त ध्यान देने की जरूरत महसूस होनी चाहिए। कार्यकर्ताओं को देवतुल्य बोल-बोलकर सिर्फ चुनाव तक ही उनके समर्पण, परिश्रम, पुरुषार्थ और पराक्रम को कसीदे पढ़े जाते हैं, लेकिन चुनाव निपटने के बाद उन कार्यकर्ताओं की पूछ-परख तक नहीं होती। उनका आत्मसम्मान सत्ता के गलियारों में कराहता न मिले, उनकी अपेक्षाएँ सत्तावादी अहंकार के बोझ तले दम न तोड़ें, अब इस बात का संगठन के स्तर पर ध्यान रखा जाना चाहिए।



भारतीय जनता पार्टी पाँच वर्षों के अपने वनवास से उबरकर नए संकल्पों के पथ पर ऊर्जा और विश्वास के नए आलोक में अपनी महत्वपूर्ण यात्रा प्रारंभ करने जा रही है। संकल्पों का यह पथ चुनौतियों के कंटकों से भरा हुआ है और भाजपा के कणधारों को इन चुनौतियों को पार कर विश्वास के धरातल को अपने निर्णयों, नीतियों और कार्य-संस्कृति से सतत अभिसिंचित करना है, संगठन के स्तर पर भी और सत्ता के स्तर पर भी ! सत्ता के गलियारे में चहलकदमी करते वक़्त भाजपा को यह बात हमेशा ध्यान रखनी होगी कि यह माया महाठगिनी होती है। वह सत्ताधीशों को अपनी चकाचौंध में वह सबकुछ देखने ही नहीं देती, जो वास्तव में उसे देखना चाहिए और जिस काम के लिए सत्ता उन्हें साधन के तौर पर मिली है। यह अप्रत्याशित क़तई नहीं है कि भाजपा ने चुनावी मैदान मार लिया है, क्योंकि अपनी पराजय की पटकथा तो कांग्रेस के सत्ताधीशों ने सत्ता सम्हालते ही खुद अपने हाथों लिखनी शुरू कर दी थी और जिस भाजपा को तमाम राजनीतिक विश्लेषक और कांग्रेस के लोग सत्ता की दौड़ से बाहर मानकर चल रहे थे, वे मतदान के पहले चरण के क़रीब आते-आते भाजपा को कांग्रेस के मुक़ाबिल मानने लगे, हालाँकि भाजपा की जीत हो रही है, यह बात मानने और भाजपा की जीत पचाने के लिए मतगणना के पहले तक मतगणना के शुरुआती रूझानों के बाद भी वे तैयार नहीं दिखाई दे रहे थे। पर जनादेश भाजपा के पक्ष में आना था, सो आ गया। अब शपथ ग्रहण के महोत्सव के साथ भाजपा की असली परीक्षा शुरू हो रही है। विजयोल्लास के पथ पर चुनौतियों के नुकीले कंटकों पर चलते हुए उन स्वप्नों को साकार करना है, जिसे पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटलजी ने संजोया था, उन संकल्पों की कसौटी पर खरा उतरना है, जिसे बार-बार दुहराकर भाजपा ने यह विश्वासपूर्ण जनादेश अर्जित किया है।

यह माना जाना चाहिए कि हिन्दुत्व, विकास, सेवा, सुशासन और ग़रीब कल्याण के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे तथा 'मोदी की गारंटी' ने भाजपा की जीत की राह को आसान बनाया है, पर उससे भी कहीं ज़्यादा महत्वपूर्ण बात यह ध्यान में रखी जानी चाहिए कि कजर्माफी, मुफ़्त बिजली, मुफ़्त शिक्षा जैसे नितांत निजी फायदों को अपनी ठोकर पर रखकर प्रदेश की जनता-जनार्दन ने भाजपा के वादों और घोषणाओं पर इतना अधिक विश्वास जताया कि अब तक के हुए पाँच चुनावों में भाजपा को न केवल अधिक सीटें मिली हैं, अपितु वोटों के प्रतिशत में भाजपा को एक नया रिकॉर्ड बनाने का मौक़ा दे दिया। पर जीत और सरकार में आने की इस बेला में आत्ममुग्ध होने के बजाय भाजपा के लिए भी आत्म मंथन की उतनी ही जरूरत है, जितनी आज कांग्रेस को है। परंतु, कांग्रेस पराजय के सबक और संदेश को कब समझ पाई है? सत्ता प्रबंधन की इतनी ही राजनीतिक समझ कांग्रेस में होती तो 71 सीटों से महज पाँच सालों में 35 सीटों पर नहीं सिमटती। इस सच्चाई को पूरी शिद्दत से स्वीकार करना चाहिए कि प्रधानमंत्री आवास की मांग को लेकर विधानसभा के समक्ष हुए प्रदर्शन के साथ ही भाजपा ने अपने धारदार तेवर दिखाए और उसके बाद लगातार चले अभियानों व कार्यक्रमों ने भाजपा की भूमिका को प्रभावी बनाया। राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान पर इस वर्ष के मध्य में हुई प्रधानमंत्री श्री मोदी की सभा ने भाजपा को राजनीतिक संजीवनी दे दी। आज धान की क़ीमत, खरीदे जाने वाले धान की मात्रा, दो साल का बकाया बोनस, महतारी वंदन योजना, युवाओं के लिए संभावनाओं का आकाश तलाशने की प्रतिबद्धता, जबरिया धर्मांतरण पर रोक लगाकर आदिवासी संस्कृति व परंपराओं की रक्षा और तुष्टीकरण की रक्त-पिपासु राजनीतिक प्रवृत्ति को नेस्त-ओ-नाबूद करने का प्रण, इनमें से भाजपा की जीत का श्रेय राजनीतिक विश्लेषक चाहे जिसे दें, पर इन चुनावों में इस सत्य को नकारा नहीं जा सकता कि पहली बार एक दल के नाम पर चुनाव हुए हैं और इसमें व्यक्ति गौण हो गया था। प्रधानमंत्री श्री मोदी इस विजय रथ के सारथी बने और इसीलिए कांग्रेस 'भूपेश है तो भरोसा है' से लेकर 'भरोसे की सरकार' के जुमले उछालने के लिए विवश हुई जबकि बिना कोई चेहरा सामने किए भाजपा सत्ता-सिंहासन पर विराजमान है। निश्चित रूप से भाजपा के लिए यह गर्व का क्षण है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व अन्य अनेक प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों व साधु-संतों की मौजूदग़ी में प्रदेश के हजारों-हजार कार्यकर्ताओं के बीच प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के साथ शपथ ली है। अब इस विचार पर भी विमर्श की शुरुआत होनी चाहिए कि मंत्रिमंडल के परंपरागत ढाँचे को कोई नया आकार दिया जाए जिसमें शामिल हर एक मंत्री समूचे प्रदेश के स्तर पर अपने विभाग की कार्यप्रणाली की न केवल समझ से भरपूर हो, अपितु अपनी विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों से प्रदेश के हर एक परिवार को लाभ पहुँचा सके। जाहिर है, ऐसे मंत्रिमंडल में किसी अपराधी या भ्रष्ट प्रवृत्ति को जगह नहीं मिलनी चाहिए, अन्यथा ऐसे लोग सेवा-सुशासन और ग़रीब कल्याण के संकल्पों को कर्क-रोग की तरह भीतर से खोखला ही करेंगे, अपराधों को प्रश्रय देंगे, सरकार के 'कमाऊ पूत' बनकर मनमानी करेंगे, सवतोमुखी विकास की अवधारणा को पलीता ही लगाएंगे। यह भी नहीं भुलाया जा सकता कि इस नई सरकार को कर्ज के दलदल को भी पार करना है और विकास के तमाम तक़ादों को पूरा भी करना है। 15 वर्षों के भाजपा के पूर्ववर्ती शासनकाल में जिन राजनीतिक दोषों से जनता नाराज हो चली थी, अब भाजपा के सत्ताधीश छाछ को भी फूँक-फूँककर पीएंगे, जनता-जनार्दन की यह उम्मीद बेमानी नहीं है।

भाजपा को अब अपने संगठन के स्तर पर भी पर्याप्त ध्यान देने की जरूरत महसूस होनी चाहिए। कार्यकर्ताओं को देवतुल्य बोल-बोलकर सिर्फ चुनाव तक ही उनके समर्पण, परिश्रम, पुरुषार्थ और पराक्रम को कसीदे पढ़े जाते हैं, लेकिन चुनाव निपटने के बाद उन कार्यकर्ताओं की पूछ-परख तक नहीं होती। उनका आत्मसम्मान सत्ता के गलियारों में कराहता न मिले, उनकी अपेक्षाएँ सत्तावादी अहंकार के बोझ तले दम न तोड़ें, अब इस बात का संगठन के स्तर पर ध्यान रखा जाना चाहिए। चापलूसों-चाटुकारों की काकस मंडली सत्ता के अनुचित लाभ लेने के लिए घेरेबंदी करने में निपुण होती है, ऐसे किसी भी घेरे में कैद होकर पार्टी कार्यकर्ताओं की अनदेखी अब नहीं होनी चाहिए। ऐसी गिरोहबंदी, घेरेबंदी ने ही पिछले चुनाव में कार्यकर्ताओं को अपनी ही पार्टी से इतना दूर छिटका दिया था कि प्रदेश में 15 वर्षों की सरकार महज 15 सीटों पर आ गई थी ! भाजपा की इस विजय के सूत्रधार प्रधानमंत्री श्री मोदी हैं तो इस सूत्र से कार्यकर्ताओं को बांधने का काम केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी व केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नवीन ने किया। संगठन सूत्र में कार्यकर्ताओं को पिरोने में लगा भाजपा केंद्रीय नेतृत्व कार्यकर्ताओं को यह समझाने में सफल रहा कि सार्वजनिक और राजनीतिक जीवन में कार्यकर्ता के नाते उनकी पूछ-परख तभी है, जब पार्टी सत्ता में रहे। यह बात कार्यकर्ता समझ गए और नतीजा सामने है। दरअसल कार्यकर्ता भी सत्ता के होने का महत्व समझ गए थे। सत्ता खोने का जो अहसास पाँच साल के कांग्रेस शासनकाल में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भोगा है, उसका एक असर यह भी देखने को मिला कि इस बार कार्यकर्ता स्व-स्फूर्त पार्टी को जिताने में संकल्पपूर्वक जुटे। यह केंद्रीय नेतृत्व के प्रयासों का सुपरिणाम रहा। पर अब भाजपा का प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व इस बात पर संजीदगी दिखाए कि सत्ता की चौखट के पार सरकार और भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि अपने समर्पित कार्यकर्ताओं और चापलूसों-चाटुकारों में भेद करने की समझ का परिचय दें, अन्यथा राममनोहर लोहिया तो कह ही गए हैं कि जिंदा क़ौमें पाँच साल इंतजार नहीं किया करतीं। इसी तरह भाजपा के कार्यकर्ताओं को भी अपनी समझ विकसित करनी होगी। राजनीति में व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा जागना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, परंतु जन-आकांक्षा और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के महीन अंतर की मर्यादा का ध्यान आज भाजपा के कार्यकर्ताओं को इसलिए ज़्यादा रखना होगा क्योंकि अब वे उस स्थिति में हैं जहाँ आकांक्षाओं में संतुलन स्थापित कर अपने राजनीतिक आचरण की मर्यादा की मिसाल प्रस्तुत करें। सत्ता अपने साथ कुछ दोष सहज साथ लेकर आती है जिनमें एक दर्प है। दर्प के दर्पण में सुशासन का प्रतिबिम्ब दरक जाता है, यह बात सबको ध्यान में रखनी होगी। कार्यकर्ता समझें कि सत्ता की अपनी मर्यादाएँ होती हैं, सत्ता-संचालन की अपनी एक प्रक्रिया होती है। संगठन के निर्णय हर बार मनोनुकूल नहीं हो पाते, फिर भी विनम्रता के साथ सत्ता और संगठन से समन्वय बिठाकर कार्यकर्ता चलें। सत्ता और संगठन के कणधार भी अपने अल्पकालिक लाभ के लिए कार्यकर्ताओं की महत्वाकांक्षाओं को इतना न बढ़ाएँ कि वे बेलगाम होकर अराजकता का उत्सव मनाने लगें।

## आज का राशिफल

**मेष राशि**-आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। आप अपने प्रियजनों और परिवार के बड़ों से सलाह लेकर ही कोई व्यवसाय से संबंधित निर्णय लेंगे। किसी तरह के पैसों के लेन-देन में आज आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। आप कोई मकान या जमीन खरीदने का प्लान बना सकते हैं। आज आपका वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। अविवाहित लोगों के लिए आज अच्छा रिश्ता मिलने की उम्मीद है। क

**वृष राशि**- आज आपके लिए दिन फायदेमंद रहेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर होगी। कार्यक्षेत्र में आपको बेहतर अवसर मिलने की संभावना है। व्यापारियों को व्यापार से रिलेटेड यात्रा होने के योग हैं। इस यात्रा से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आज आप धन की बचत करने में कामयाब रहेंगे। परिवारजनों के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मिथुन राशि**-आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी कोई इच्छा पूरा होने से पूरे दिन मन प्रसन्न रहेगा। आप उच्च शिक्षा के लिए हाई प्रोफाइल संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। परिवार में किसी शुभ कार्य पर आप धन खर्च करेंगे। भूमि संबंधी कार्यों में आपके लिए लाभ के योग हैं। आपकी व्यावसायिक योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में आमदनी के सोर्स बढ़ेंगे। आपको परिवार का अच्छा सहयोग मिलेगा।

**कर्क राशि**-आज आपका दिन पाजिटिव रहेगा। व्यवसाय से जुड़े लोगों को व्यापार में बड़े लाभ की उम्मीद है। नई व्यापारिक योजनाएं बनाने में कामयाब रहेंगे। आपका पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। उच्च स्तरीय शिक्षा में आपकी संतान के एडमिशन लेने की खबर मिल सकती है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से आज आपको छुटकारा मिलेगा। आज आय के अनेक स्त्रोत मिलेंगे

**सिंह राशि**-आपके लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। कुछ नए संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा। आज आपके व्यापार में उन्नति होने के योग बने हुए हैं। किसी पारिवारिक समस्या का आज समाधान निकालने में सफल होंगे, परिवार के सदस्यों में ताल-मेल बढ़ेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिए आज आप कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाथियों को सफलता मिलने के योग है। आपका मन सामाजिक कार्यों में ज्यादा लगेगा।

**कन्या राशि**-आज आपका दिन लकी रहने वाला है। आप व्यापार शुरू करने का मन बनाएंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी, आज किसी प्रकार की बिजनेस डील हो सकती है। घर के कार्यों में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। आज आप माता-पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाएंगे। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग आपको कार्यों को और बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए उत्साहित करेगा।

**तुला राशि**-आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आपको किसी प्रकार के लेन-देन के मामले में स्पष्टता रखनी होगी। संतान के करियर में विशेष उपलब्धि मिलने से आपको खुशी मिलेगी। काफी दिनों से स्टार्टअप शुरू करने का प्लान पूरा करने में कामयाब रहेंगे। आज आप एक अच्छे टीम लीडर साबित होंगे। आज आपको किसी भी बात को लेकर बहुत अधिक सोच-विचार करने से बचना होगा। आज आपके पारिवारिक खर्चे बढ़ेंगे।

**वृश्चिक राशि**-आज आपका दिन प्रसन्नता पूर्वक बीतेगा। आपको अपने कुछ पुराने मित्रों से मेल-जोल बढ़ाने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र क्षेत्र में दी गई जिम्मेदारियों को आज आप बखूबी निभाएंगे। अपने सीनियर्स के साथ कुछ पुरानी यादों को ताजा करेंगे। कार्यस्थल पर आज आप ऊर्जावान महसूस करेंगे। किसी सहकर्मी के सहयोग से आपके रूके हुए काम पूरे होंगे।

**धनु राशि**-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपको नौकरी से रिलेटेड कोई शुभ समाचार सुनने को मिलेगा, जिसकी आपको प्रतीक्षा थी। जीवनसाथी की ओर से कोई उपहार मिलने से पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों का अपने कार्यों में बढ़िया प्रदर्शन रहेगा। आज आपको आर्थिक लाभ होने के योग हैं। संतान के किसी जरूरी काम को लेकर आज किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे।

**मकर राशि**-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को कोई अच्छी उपलब्धि मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर बनेगी। आज आपको किसी बड़ी कंपनी से नौकरी का ऑफर आयेगा। जीवनसाथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। संतान पक्ष से खुशियां मिलेंगी। आज आपको कार्यों में मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ राशि**-आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आप धर्म-कर्म के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। छात्रों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, बस थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। गवनमेंट सेक्टर से जुड़े लोगों को उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे वह अपना कोई बड़ा प्रोजेक्ट पूराकरने में सफल होंगे। आपका वैवाहिक जीवन खूबसूरत रहेगा। नौकरी में आपको किसी अच्छे काम के लिए सम्मानित किया जा सकता है। आपको पैतृक संपत्ति से लाभ के योग हैं। आप अपने क्रोधी स्वभाव से बचें।

**मीन राशि**-आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। कार्यस्थल पर आपके काम की सराहना होगी। मीडिया और जनसंचार से जुड़े लोगों को उनके काम के लिए प्रसिद्धि मिलेगी। अगर आप लेखक है और कोई किताब लिखना चाह रहे हैं तो समय अनुकूल है। सेहत के मामले में आज आप चुस्त-दुरुस्त बने रहेंगे। आपका पारिवारिक जीवन उत्साह से भरा रहेगा। ऑफिस के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है। नवविवाहित दंपत्ति आज कहीं घूमने जाने का प्लान बनाएंगे। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

राजनीति

ललित गर्ग

# भाजपा गढ़ रही है राजनीति की नयी परिभाषा



भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान में ऐतिहासिक जीत के बाद जिस प्रकार मुख्यमन्त्री पद पर चौंकाने वाले नामों के फैसले लेकर सबको चकित किया हैं, उनसे स्पष्ट है कि यह पार्टी राजनीति की नयी परिभाषा गढ़ने के साथ जमीनी कार्यकर्ताओं को भविष्य के नेता बनाने के लिये तत्पर है। पार्टी एवं विशेषतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम जनता को सन्देश दे रहे हैं कि साधारण से साधारण कार्यकर्ता भी पार्टी में एक दिन ऊंचे से ऊंचे पद पर पहुंच सकता है। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, मध्य प्रदेश में मोहन यादव और आज राजस्थान में श्री भजनलाल शर्मा को जिस तरह मुख्यमन्त्री का पद सौंपा गया है उससे यह भी साफ करने की कोशिश की गई है कि कोई भी अपनी लोकप्रियता का ढिंढोरा पीटकर और विधायकों को अपनी जेब में रखने का भ्रम दिखा कर मुख्यमन्त्री बन सकता है तो भाजपा आलाकमान उसकी यह दादागिरी बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा में गढ़ी जा रही नयी राजनीतिक परिभाषाएं ही उसके प्रचंड जीत का आधार बन रही है। भाजपा नेतृत्व में सिर्फ औरो पर हुकूमत नहीं की जाती, बल्कि सबका साथ, सबका विकास के आधार राजनीति धरातल को मजबूती दी जाती है। सबके अस्तित्व को नकार कर सिर्फ स्वयं के होने की प्रस्तुति कभी नेतृत्व एवं कर्तृत्व के कद को ऊंचाई दे सकती।

भाजपा ने न केवल नए चेहरों पर भरोसा किया है बल्कि राजनीति के धुरंधर खिलाड़ियों को भी उनकी जमीन दिखाने की कोशिश की है, इस तरह की राजनीति के दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं, वहीं राजनीति में नये चेहरों के आने से ताजगी का अहसास किया जा सकता है। राजनीति किन्हीं नेताओं की बपौती नहीं है, यह बात मोदी जैसे नेता ही सिद्ध कर पाये हैं। वरना भारतीय राजनीति में परिवारवाद, धन एवं ताकत का बोलबाला रहा है, जमीन से जुड़े लोग तो राजनीति से घबराने लगे थे। लेकिन भाजपा की राजनीति ने सिद्ध कर दिया कि यहां कुछ भी असंभव नहीं। अनेक विधायकों की उम्र बीत जाती है मुख्यमंत्री पद का इंतजार करते, पर राजस्थान में भाजपा ने पहली बार जीतकर विधानसभा पहुंचे भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर एक ऐसा संदेश दिया है, जिसका असर पार्टी में निचले स्तर के कार्यकर्ताओं तक एक खुशखबरी की तरह पहुंचा है। ऐसे फैसले कम होते हैं, पर जब होते हैं, तब लोकतंत्र और उसकी जमीनी राजनीति के प्रति आम लोगों का भरोसा बढ़ता है। इससे लोकतंत्र भी मजबूत होता है और अपने वास्तविक एवं आदर्श स्वरूप को आकार देने का पात्र बनता है। मोदी ने अपने नाम पर प्रादेशिक चुनाव लड़कर एवं जीतकर एक नयी प्रकार की राजनीति को विकसित करने का धरातल तैयार कर दिया है। इसी का परिणाम है कि राजस्थान की राजनीति में अब पीढ़ी परिवर्तन का बिगुल बज गया है। राजस्थान में अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे बारी- बारी सत्ता संभालते आ रहे थे और सत्ता छोड़ने को तैयार नहीं थे, ऐसे में उनको निराशा हाथ लगी है। अब व्यक्तिवादी राजनीति का युग समाप्ति की ओर अग्रसर है, यह भारत में राजनीति को अधिक स्वच्छ, आदर्श एवं दमदार बनायेगा। इस बार के चुनाव प्रचार के दौरान ही यह साफ हो गया था कि जिस व्यक्ति को भी श्री मोदी का आशीर्वाद प्राप्त



होगा और जिसे नवनिर्वाचित विधायक पसन्द करेंगे वही मुख्यमन्त्री होगा। भाजपा ने ये चुनाव प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी का चेहरा आगे रख कर लड़े थे और स्वयं श्री मोदी ने अपनी गारंटी देकर लोगों से वोट मांगे थे। तीनों मे से किसी एक राज्य में भी संभावित मुख्यमन्त्री का चेहरा रखकर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश नहीं की गई थी। इससे चुनाव प्रचार के दौरान ही यह साफ हो गया था कि इस बार मुख्यमंत्री के नाम न केवल चौंकायेंगे बल्कि सुखद अहसास का सबब भी बनेंगे। राजस्थान में इसके कहीं कोई आसार नहीं दिख रहे थे कि पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री बन सकते हैं। वैसे तो भाजपा इस तरह के चकित करने वाले फैसले पहले भी करती रही है, लेकिन इस बार उसने कुछ ज्यादा ही चौंकाने एवं चमत्कृत करने वाले फैसले लिए। भाजपा ने इन तीनों राज्यों की कमान केवल नए चेहरों को ही नहीं थमाई, बल्कि उन नेताओं को मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री बनाया, जो अपेक्षाकृत युवा हैं और पार्टी की विचारधारा से गहरे से जुड़े रहने के साथ जमीनी स्तर पर काम करते रहे हैं। महिला नेतृत्व को भी आगे लाया गया है। ऐसे नेताओं को आगे करके भाजपा ने यही संदेश दिया कि वह एक ऐसा दल है, जिसके सामान्य कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत और लगन से उच्च पद पर पहुंच सकते हैं। ऐसा कोई संदेश न तो परिवारवाद को प्रश्रय देने वाली कांग्रेस दे सकने में समर्थ है और न ही क्षेत्रीय दल।अनेक नये प्रयोगों के माध्यम से भाजपा खुद को मजबूत बना रही है एवं राजनीति की विसंगतियों एवं विडम्बना को दूर करने की गाथा भी लिख रही है। उसने इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्रियों के चयन में समाज के विभिन्न वर्गों की आकांक्षाओं का भी ध्यान रखा। इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों के चेहरों के जरिये भाजपा ने जिस तरह अपने सामाजिक समीकरण मजबूत किए, उससे उसके विरोधियों के इस तरह के आरोपों की हवा निकल गई कि वह अमुक अमुक वर्ग की उपेक्षा करती है। दलित, आदिवासी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के नेताओं को उचित प्रोत्साहन देकर भाजपा ने यह और अधिक अच्छे से रेखांकित किया कि वह समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करती है। भाजपा न केवल मतदाताओं के दिलों को जीतने के मामले में अन्य दलों से कहीं अधिक आगे नजर आने लगी है, बल्कि नेताओं की नई पीढ़ी को तैयार करने और उन्हें अवसर देने के मामले में भी उसने नई लकीरें खींची है। स्पष्ट है कि इससे उसके सामान्य कार्यकर्ताओं में उत्साह का कहीं अधिक संचार हुआ है और मतदाता भी उत्साहित एवं हर्षित दिख रहा है। जहां राजनीति दलों के नेताओं एवं मतदाताओं की निष्ठा का समन्वय नहीं होता, वहां उनकी मानसिकता में या तो दब्बुपन, कायरता, हीनता, भय, तनाव पैदा हो जाती है या फिर वे अति लापरवाह, निस्संकोच, मुंहफट, ढीठ हो जाते है, ऐसी स्थितियों में असंतोष, विरोध, विद्रोह ही पनपते हैं।

नरेन्द्र मोदी के साथ अमित शाह ने भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं को पिछले कुछ वर्षों में यही संदेश दिया है कि वे पार्टी की मजबूती के लिए बूथ लेवल पर मेहनत करेंगे तो समय आने पर उनको उनका मेहनताना दिया जाएगा। भले ही वह विष्णुदेव साय जैसा जमीनी कार्यकर्ता हों। अमित शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा भी था, विष्णुदेवजी हमारे अनुभवी कार्यकर्ता हैं, नेता हैं, सांसद रहे, विधायक रहे, प्रदेश अध्यक्ष रहे। एक अनुभवी नेता को भाजपा आपके सामने लाई है। आप इनको विधायक बना दो, उनको बड़ा आदमी बनाने का काम हम करेंगे । मुख्यमंत्री बनाकर अमित शाह ने सचमुच उन्हें बड़ा आदमी बना दिया है। इसी तरह की सोच की वजह है कि भाजपा केंद्र में भी 2014 से लगातार सत्ता में बनी हुई है और राज्य स्तर पर भी अपनी धमक दिखा रही है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सीएम और डिप्टी सीएम पद के लिए चुने गए नए नाम 2024 की रणनीति के तौर पर भी देखे जा रहे हैं। भाजपा को सत्ता में बनाए रखने के लिए मोदी-शाह फॉर्मूला एकदम साफ है कि उसके नेताओं की साफ-सुथरी छवि होनी चाहिए, आरएसएस से संबंध होना चाहिए, युवाओं को आगे लाने की कोशिश होनी चाहिए, लीडरशिप में नई पीढ़ी को उतारना मकसद हो, सीएम और 2 डिप्टी सीएम फॉर्मूला हिट है एवं जातियों का समान प्रतिनिधित्व होना चाहिए। ये वो फॉर्मूला है, जिसके दम पर भाजपा राज्यों में अपनी पकड़ बनाकर रखती है और केंद्र में जीत के लिए रास्ता साफ करती है। अगर आप तीनों ही राज्यों के मुख्यमंत्री पदों पर बैठने वाले व्यक्तियों को देखें तो, उनके चुने जाने की पहली वजह है साथ सुथरी छवि। तीनों ही सीएम पर किसी तरह का कोई गंभीर आरोप नहीं है, जो पार्टी के लिए मुसीबत बन सके। तीनों ही सीएम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े रहे हैं।

# दंतेवाडा जिले में 108 एम्बुलेंस के चालक ने कंपनी पर लगाया मानसिक प्रताड़ना का आरोप

■ एक्सीडेंट होने पर मरम्मत के लिए चालक पर बनाया जा रहा दबाव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**गीदम, 14 दिसंबर ।** दन्तेवाड़ा जिले के गीदम में जय अम्बे इमरजेंसी सेवा 108 एम्बुलेंस के एक कर्मी ने अपनी ही एम्बुलेंस कंपनी पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है , पूरा मामला सड़क दुर्घटना से जुड़ा बताया जा रहा है । मिली जानकारी अनुसार 108 एम्बुलेंस जब सोमवार को एक केश में बारसुर गई थी तभी वापस आने के दौरान घोटपाल में सड़क पर एक मवेशी वाहन से टकरा गया । इस घटना से किसी प्रकार की जनहानि तो नही हुई लेकिन एम्बुलेंस वाहन के बाए तरफ लाइट का कांच , बम्बर व अन्य क्षतिग्रस्त हो गया जिसके मरम्मत के लिए रिकवरी करने एम्बुलेंस चालक पर दबाव बनाया जा रहा है। एम्बुलेंस चालक फनेश्वर कटिंगल ने मीडिया को जानकारी देते बताया की बारसुर से केश लाने के दौरान एम्बुलेंस की स्पीड लगभग 50 किमी प्रतिघंटा ही थी जीपीएस में भी इसकी जांच की जा सकती है। इसके साथ ही चालक किसी प्रकार का नशा भी नही करता है , दो मवेशी आपस मे लड़ रहे थे जिनमे एक मवेशी साइड में टकरा गया जिससे बाए तरफ वाहन का लाइट कांच व बम्बर क्षतिग्रस्त हुआ है । वही चालक ने एम्बुलेंस में कई खराबी होने का भी खुलासा किया है । स्टेरिंग पूरी तरह से ठीक नही है न ही लाइट , इसी तरह कई और खराबी एम्बुलेंस वाहन में बनी हुई है जिसकी मरम्मत ठीक तरह से नही हुई है। सड़क दुर्घटना के बाद रिकवरी के लिए दबाव बनाया जा रहा है , रायपुर हेड आफिस बुलाया जा रहा है , इससे पूर्व में भी अन्य कर्मी को हेड आफिस बुलाकर दबाव बनाया जा चुका है । ऐसे में चालक ने कंपन्नी पर मानसिक प्रताड़ना का भी आरोप लगाया है।

### बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में खराब सड़क भी बड़ी परेशानी

बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रो में खराब व कच्ची सड़क भी एम्बुलेंस चालको के लिए बड़ा परेशानी का सबब बना हुआ है। एम्बुलेंस वाहनो की स्थितियां क्या रहती है यह बताने की जरूरत तो नही पड़ेगी , एम्बुलेंस का बार-बार मेन्टेन्स मांगना बस्तर के अंदरूनी इलाके में खराब व कच्ची सड़क भी एक बड़ी वजह मानी जा सकती है। गीदम की बात करे तो जिले का यह सबसे बड़ा ब्लाक है जहां एक ही 108 एम्बुलेंस सेवा देती है । इसके अलावा गीदम ब्लाक से लगे दुसरे जिले के अन्य गांव में भी गीदम की ही एम्बुलेंस सेवा प्रदान करती है । ऐसे में बार-बार वाहन मेन्टेन्स मांगती रहती है लेकिन जैसा मैनेंटन्स किया जाना चाहिए उस तरह का मैनेंटन्स नही किया जाता शायद यही वजह है कि जिले में 108 एम्बुलेंस की स्थिति जस की तस बनी हुई दिखाई

किसी प्रकार की मानसिक प्रताड़ना व रिकवरी के लिए कंपन्नी द्वारा दबाव नही दिया जा रहा है । केश लाने के दौरान एक्सीडेंट होने की सूचना मिली थी ।

यह सूचना जब कंपन्नी के हेड आफिस तक पहुँची तब उक्त पायलेट को काउंसिलिंग के लिए हेड आफिस रायपुर बुलाया गया है। इसकी सूचना पायलेट को भी दी गई है और काउंसलिंग अटेंट करने कहा गया है। किसी प्रकार का रिकवरी करने का कोई दबाव नही दिया गया है।

**– गीतेश कुमार**
**डिस्ट्रिक मैनेजर**
**जय अम्बे**
**इमरजेंसी**
**सर्विस प्राइवेट लिमिटेड**

## एक नजर



### 38 वाहनों पर की गई कार्रवाई

**कांकेर, 14 दिसंबर।** कांकेर श्री दिव्यांग पटेल (भा.पु.से.) सर के निर्देशानुसार कांकेर शहर में दिनांक 11 दिसंबर को तहसीलदार सर , परिवहन विभाग के अधिकारियों एवं यातायात पुलिस कांकेर टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही के दौरान यातायात नियमो का पालन नहीं करने वाले, अमानक साइलेंसर/प्रेशर हॉर्न लगाकर वाहन चलाने वालों, बिना नंबर प्लेट तथा नियमानुसार नंबर नहीं लिखे हुए दो पहिया वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई जिसमे अमानक (मोडिफाईड ) साइलेंसरों/प्रेशर हॉर्न को मौके पर ही जप्त करते हुए, कुल 38वाहनों में कार्यवाही की गई एवं न्यायालय पेश की कार्यवाही भी की गई तथा उक्त वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करते हुए निर्धारित स्पीड मे वाहन चलाने मापदंड में नंबर प्लेट लिखवाने एवम कंपनी की मानक साइलेंसर लगाकर ही वाहन चलाने, प्रेशर हॉर्न का उपयोग न करने के संबंध में समझाइश दी गई।



### इंसान को अंदर से खोखला कर देता है नशा

**फिंगेश्वर, 14 दिसंबर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बिजली में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर के दंत चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंकिता अग्रवाल,चंचल गोस्वामी कनिष्क सहायक,उदित कुमार ध्रुव (एन पी सी डी एस) काउंसलर की उपस्थिति में प्रोजेक्टर के माध्यम से धूम्रपान निषेध के बारे में जानकारी दी गई. इस अवसर पर.डॉक्टर अंकिता अग्रवाल ने तंबाकू नियंत्रण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि तम्बाकू के सेवन से मुँह में कैंसर और फेफड़ों के खराब होने का खतरा बढ़ जाता है.धूम्रपान की सेवन से खून में निकोटिन की मात्रा बढ़ जाती है जिससे आंखों का लाल होना,धुंधला दिखाई देना,आंखों की रोशनी कम हो जाती है.सिगरेट पीने से स्वास्थ्य का खतरा बढ़ जाता है.धूम्रपान से कैंसर, हृदय रोग,फेफड़ों के रोग आदि होती है.उन्होंने आगे बताया कि जो लोग धूम्रपान नहीं करते हैं लेकिन धूम्रपान करने वालों के संपर्क में आने से उनको भी गंभीर स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो सकती है.जिससे वे अक्सर अस्थमा, ब्रोंकाइटिस.निमोनिया की बीमारी से ग्रसित होते हैं. नशा करने वाला व्यक्ति सोचने व समझने क़ी शक्ति को खो देता है. संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि नशा इंसान को अंदर से खोखला कर देता है.नशा नाश की जड़ है. नशापान की सेवन से शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक शक्ति का विघटन हो जाता है.धूम्रपान से श्वसन में कमी,खांसी और कफ से संबंधी समस्या होती है.अतः हमें नशापान से दूर रहना चाहिए.अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा,गीतांजलि नेताम, संतोषी गिलहरे, सत्या मिश्रा, शिक्षक नकुल राम साहू, रुद्रप्रताप साहू,क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन साहू व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## सतनामी समाज कोंडागांव व बस्तर संभाग के लोगों ने

# धर्मगुरु बाल दास साहेब एवं गुरु खुशवंत साहेब को बधाई दी,आशीर्वाद लिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कोडागाँव, 14 दिसंबर।** सतनामी समाज कोण्डागांव व बस्तर संभाग के द्वारा सतनामी समाज के धर्मगुरु बाल दास साहेब एवं आरंग विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक इंजीनियर गुरु खुशवंत साहेब जी को बधाई देते हुए गुरु जी का आशीर्वाद लिया गया एवं परम पूज्य गुरु बाबा घासीदास जी की %मनखे-मनखे एक समान% की परिकल्पनाओं के संदेश को जन-जन तक प्रसारित करने हेतु धर्मगुरु बाल दास साहेब जी के निवास स्थान रायपुर में मिलकर बस्तर की माटी को सतनाममय की अवधारणाओं से परिलक्षित करने हेतु आग्रह किया गया जिससे समस्त मानव समाज को गुरु बाबा घासीदास जी की उत्तम विचारों से एकता व भाई-चारे के संदेशों को जन-जन तक आगे बढ़ाने में बल मिले।धर्मगुरु बाल दास साहेब जी ने उक्त आग्रह को स्वीकार किए,जो आने वाले समय में एक निश्चित दिन तिथि में आयोजन किया जाएगा उक्त गुरु दर्शन समाज प्रमुख गुरु जी का आशीर्वाद प्राप्त कर अपने आपको गौरवान्वित महसूस किए इस अवसर पर धंसराज टंडन संभागीय अध्यक्ष सतनामी समाज बस्तर संभाग,सुरेश बघेल अध्यक्ष मेला समिति, एवं समाज प्रमुख गण लाल दास मनहर,रामायण पात्रे,संतोष खुटे, तुलसी डाहरे संरक्षक ,गणेश्वर आजाद अध्यक्ष, भगत सोनवानी अध्यक्ष , लक्ष्मीनाथ सोनवानी जिला उपाध्यक्ष सतनामी समाज, पंच सोनवानी, अनिरुद्ध लहरे, चवन सोनवानी ,कुर्रे जी व अन्य सामाजिक पदाधिकारी शामिल हुए ।

# 3 आरोपियों को 1 दिन के भीतर पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा,14 दिसंबर।** कोतवाली थाना में मोटर सायकल चोरी के संबंध में प्रार्थी बिहारी लाल ठाकुर पिता स्व. धनीराम ठाकुर उम्र 53 वर्ष साकिन म.नं. 11, आर.ई.एस. कॉलोनी शांतिनगर सुकमा का मोटर सायकल होण्डा साईन क्रमांक ष्ट्ब 17 चक्क 4917 को घर का बाउण्ड्री एवं गेट का ताला तोडकर घर अंदर घुसकर अज्ञात चोर द्वारा मोटर सायकल को चोरी कर ले गये, प्रार्थी बिहारी लाल ठाकुर सिटी कोतवाली सुकमा में मोटर सायकल चोरी का अपराध दर्ज कराया। मोटर सायकल चोरी होने के संबंध में अपराध होने से पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हान द्वारा तत्काल अज्ञात चोर को लोकेट कर पतासाजी करने हेतु निर्देश जारी किये गये। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुकमा परमेश्वर तिलकवार के पर्यवेक्षण में थाना सिटी कोतवाली सुकमा की सिविल दस्ते में एक टीम तैयार कर अज्ञात चोर को पतासाजी करने हेतु शहर में पाबंद किया गया था, शहर में सिविल में तैनात टीम ने दिनांक 11.12.2023 को अथक प्रयास एवं लगन से मोटर सायकल चोरी के 03 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सुकमा पुलिस द्वारा सफलता प्राप्त हुई। आरोपियों को दिनांक 11.12.2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। आरोपियों की त्वरित गति से गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक फागुराम लहरे, रामकुमार जैन, प्रधान आरक्षक धरम सिंह नरेटी, भुनेश कुमार नेताम, आरक्षक त्रिलोक गोयल, रमेश कुंजाम व थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नई चेतना जेण्डर अभियान 2.0 चलाया जा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 13 दिसंबर ।** भारत सरकार ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित किये जा रहे, अभियान नई चेतना-जेण्डर अभियान 2.0 में महिला एवं बाल विकास विभाग कि सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कि गई है। जिसके तहत् 25 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ एक समुदाय आधारित अभियान नई चेतना-जेण्डर अभियान 2.0 चलाया जा रहा है जिसके तहत् लिंग आधारित हिंसा से निपटने और महिलाओं लड़कियों के अधिकारों के बारे में जागरूकता बढाने के लिए फंट लाईन वर्कर, आंगनबाडी कार्यकर्ता, जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं, सखी वन स्टाप सेन्टर के कर्मचारियों का संवेदीकरण। आपात्कालीन गैर आपात्कालीन सेवाओं तक त्वरीत पहुंच की सुविधा के लिए आपातकालीन हेल्प लाईन नम्बर 112 और महिला हेल्प नम्बर 181, चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098, पर जागरूकता बढाया जा रहा है घरेलू हिंसा रिपोर्ट सखी वन स्टाप सेन्टर, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न कि रोकथाम के लिए रिपोर्ट के लिए जागरूकता लाना, लिंग संसाधन केन्द्र एवं वन स्टाप सेन्टर के बीच संबंध स्थापित करना, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, लैंगिक उत्पीडन अधिनियम 2013 (यौन अपराध से बच्चों के लिए रोकथाम) अधिनियम 2012 और पीडित मूआवजे आदि के संबध में आपराधिक प्रक्रिया संहिता के तहत विशेष अधिकारो पर जागरूकता बेटी बचाव पेटी पढाओं अभियान, मिशन शक्ति अंतर्गत मिलने वाले सेवाओं जागरूकता, बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता हेतु कार्य किया जा रहा है इस दौरान जिले के फंट लाईन वर्करों के साथ स्व सहायता समूहों, स्वयं सेवकों, स्कूलों के छात्राओं को जागरूकता किया जा रहा है, इसके लिए भैरमगढ कालेज, भोपालपटनम कालेज, बीजापुर के नवोदय विद्यालय हायर सेकेण्डरी स्कूलों में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री लुपेन्द महिनाग के निर्देशान में महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती शीला भारद्वाज, सुश्री लेखिका साहू, संमन्वक यूनीसेफ, सुश्री आनंदमई मल्लिक विधक सह परीवीक्षा अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## समाचार संक्षेप

### स्वच्छता अभियान में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में लोग अहम भूमिका निभा रहे



**गरियाबंद, 14 दिसंबर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान जारी है। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की विशेष पहल की जा रही है। कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव के निर्देशन में जिले के सभी नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले के ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम के प्रमुख स्थलों की साफ-सफाई की जा रही है। साथ ही ग्राम पंचायतों के चौक-चौराहों, स्कूल परिसर, आंगनबाड़ी परिसर, गली मोहल्लों, सड़को एवं बाजार स्थल की सफाई हो रही है।

### सात दिवसीय कैंप में लगाया मुफ्त नेत्र परीक्षण शिविर



**राजिम, 14 दिसंबर।** राजिम शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजिम के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस पर नेत्र परीक्षण शिविर ग्राम कोमा में लगाया गया। शिविर में ग्रामवासियों, पूर्व माध्यमिक शाला कोमा के विद्यार्थियों एवं स्टाफ, स्वयंसेवकों का नेत्र परीक्षण करवाया गया। नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन डॉ. अभिषेक पॉल (डायरेक्टर ए बी नेत्रालय रायपुर एवं राजिम) के द्वारा किया गया। शिविर में कुल 112 लोगों को मुफ्त नेत्र परीक्षण का लाभ पहुंचाया गया। बौद्धिक सत्र में स्वयंसेवकों को स्व रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से क्षेत्र के मछली पालक श्री बालचंद साहू को मछली पालन से संबंधित प्रक्रियाओं और समस्याओं के बारे में बतलाने हेतु आमंत्रित किया गया था । श्री साहू ने मछली पालन की प्रक्रिया उस पर लगने वाले खर्चों के बारे में विस्तार से बताया तथा मछली पालन से संबंधित स्वयंसेवकों के प्रश्नों का भी उनके द्वारा समाधान किया गया। इस पर श्री तामेश्वर मारकंडे ( कार्यक्रम अधिकारी) ने उद्यमिता एवं स्व रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु स्वयं सेवकों को प्रेरित किया।

# सिंचाई, शिक्षा,स्वास्थ्य पहली प्राथमिकता:जनक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद,14 दिसंबर।** बिंद्रानवागढ़ विधानसभा से निर्वाचित होने के बाद पहली बार जिला मुख्यालय गरियाबंद पहुंचे विधायक जनक राम ध्रुव ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि भूपेश बघेल के जन कल्याणकारी योजनाओं और कार्यकर्ताओं के कड़े संघर्ष व मेहनत के कारण बिंद्रानवागढ़ विधानसभा में 15 साल बाद कांग्रेस की जीत हुई है। जीत के बाद सभी कार्यकर्ता उत्साहित है। हम सब मिलकर बिंद्रानवागढ़ क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे

पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने कहा कि आदिवासी और ग्रामीण अंचल बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तारकरना मेरी पहली प्राथमिकता है। अंचल में सिंचाई सुविधाओं की कमी है किसानों के हित को देखते हुए सिचाई के क्षेत्र में ज्यादा फोकस रहेगा। इसके अलावा शिक्षा और स्वास्थ्य के सेक्टर में भी काम करेंगे। अंचल के मिडिल स्कूलों और हाई स्कूलों का उन्नयन किया जाएगा। स्कूलों के रिक्त पदों में शिक्षकों और स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक, स्टाफ की व्यवस्था की करेंगे।विपक्ष में विकास चुनौती नहीं, सामंजस्य से कम करेंगे प्रदेश के भाजपा की सरकार होने के बाद क्षेत्र का विकास कितना चुनौतीपूर्ण होगा पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जो भी सरकार बनती है विकास के लिए बनती है। विकास का मुद्दा होना चहिए। हम स्थानीय लोगो वो साथ सामंजस्य बना कर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष में होने के बाद भी सुपबेड़ा सहित मूलभूत सुविधा जैसे शिक्षा, सिंचाई और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास का हर संभव प्रयास करेंगे। जो मुद्दे कांग्रेस उठाती रही उसे भी वे पूरा किया जाएगा।

हीरा खदान के मुद्दे उठेगा सदन में-बहुप्रतिक्षत हीरा खदान के मुद्दे को लेकर कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान वे सबसे पहले हीरा खदान के मुद्दे को ही सदन में उठाएंगे। हीरा को अवैध दोहन की खबर को लेकर उन्होंने चिंता भी जताई। विधायक ध्रुव ने कहा कि अंचल के विकास में हीरा खदान से काफी विकास की संभावना है। इसे लेकर वे अपने कार्यकाल में भरसक प्रयास करेंगे। इसके अलावा जनहित के जो भी मुद्दे रहेंगे उसे गंभीरता से उठाया जाएगा, निराकरण किया जाएगा।हार को लेकर चिंतन की जरूरत, भीतरघातियों के विरुद्ध कार्यवाही होगीकांग्रेस की हार को लेकर कहा कि इसके लिए चिंतन करने की जरूरत है। कहीं ना कही चुनाव में चूक हुई है। संचालकों में सामंजस्य में कमी रही है। प्रदेश की समीक्षा मे सभी बात खुलकर सामने आएगी। इसके अलावा उन्होंने चुनाव में कांग्रेस में भीतर घात करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर कहा कि इसका निर्णय प्रदेश कांग्रेस कमेटी करेगी। शिकायत हुई है तो जल्द से जल्द कार्यवाही होनी चाहिए।ज्ञात हो कि कांग्रेस दो कांग्रेसी नेताओं के विरुद्ध उच्च स्तर पर शिकायत की गई है वहीं कांग्रेस के प्रदेशव्यापी हार और नेता प्रतिपक्ष के चयन को लेकर कहा कि इसकी समीक्षा और निर्णय पार्टी करेगी।

## राजस्व विभाग में फैले भ्रष्टाचार से परेशान हैं ग्रामीण

# राजस्व निरीक्षक के रिश्वत मांगने की शिकायत कलेक्टर से

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,14 दिसंबर।** खरसिया राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक तोताराम भारद्वाज के द्वारा ड़ायवर्सन के एम मामले में प्रतिवेदन देने के नाम पर पांच हजार रूपये की मांग की गयी, जिसके बाद पीड़ित ने राज्य के मुख्यमंत्री, जिला कलेक्टर, खरसिया एसड़ीएम सहित स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज करा कर भ्रष्ट राजस्व निरीक्षक तोताराम भारद्वाज पर कार्यवाही की मांग की है।विदित हो कि राजस्व विभाग में भ्रष्टचार जड़ों तक फैला हुआ है, इससे पहले भी खरसिया के पूर्व एसड़ीएम गिरीष रामटेके के द्वारा दो लाख के रिश्वत की मांग करने पर उनकी शिकायत की गयी थी जिसके बाद जिला कलेक्टर ने उनका तबादला करते हुये उन्हे पद से हटा दिया था।

ताजा मामला खरसिया के भ्रष्ट राजस्व निरीक्षक तोताराम भारद्वाज का है जिसके विरूद्व रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुये पीड़ित ने शिकायत की है। पीड़ित ने अपने शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि उसके पिता के जमीन के ड़ायवर्सन का प्रकरण खरसिया अनु. अधिकारी के न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें राजस्व निरीक्षक के द्वारा प्रतिवेदन दिया जाना था, राजस्व निरीक्षक तोताराम भारद्वाज के द्वारा गलत प्रतिवेदन जमा करते हुये आवेदक के प्लाट को अवैध प्लाटिंग में होना उल्लेखित करते हुये आवेदक के पुत्र से रिश्वत की मांग की गयी तथा रकम देने पर प्रतिवेदन को बदल कर देने की बात कही गयी जिसके बाद पीड़ित ने खरसिया अनु. अधिकारी को लिखित शिकायत देते हुये अपने प्रकरण की पुनः जांच कराते हुये रिश्वतखोर राजस्व निरीक्षक पर कार्यवाही की मांग की है।

### एक ही खसरा नंबर के दे दिये अलग अलग प्रतिवेदन



शिकायत के अनुसार आवेदक की भूमि जिस खसरे में स्थित है, उसी खसरे के अनेकों भूमि का ड़ायवर्सन इसी राजस्व निरीक्षक ने ही दिया है जिसमें उसके द्वारा उक्त खसरे को अवैध प्लाटिंग में नहीं होना बताया गया था, किंतु आवेदक के प्रकरण में आवेदक की भूमि को अवैध प्लाटिंग में होना बताते हुये प्रतिवेदन दिया गया है, आवेदक की भूमि जिस जगह पर स्थित है, प्रतिवेदन में उस स्थान की जगह पर आवेदक की भूमि को अन्यत्र स्थान पर होना बताया गया है। आवेदक के द्वारा ऐसे भूमि स्वामियों का भी शिकायत में उल्लेख किया गया है जिनकी भूमि का ड़ायवर्सन किया गया है अगर आवेदक की भूमि का खसरा अवैध प्लाटिंग के अंतर्गत है तो उसी खसरे में स्थित अन्य प्लाटों का ड़ायवर्सन किस आधार पर किया गया यह भी जांच का विषय। गौर करने वाली बात यह भी है कि नगर पालिका के द्वारा उक्त प्रकरण में पहले ही अनापत्ति प्रमाण पत्र देते हुये उल्लेख किया गया है कि उक्त प्लाट अवैध प्लाटिंग के अंतर्गत नहीं आता है।

### प्रकरण में लगे दस्तावेजों में की जाती है छेड़छाड

पीड़ित के शिकायती पत्र के अनुसार राजस्व निरीक्षक के द्वारा रिश्वत की मांग की गयी तथा रिश्वत मिल जाने के पश्चात अपना प्रतिवेदन बदल देने की बात कही गयी जिससे यह सिद्व होता है कि प्रकरण में लगे हुये दस्तावेजों के साथ भी राजस्व निरीक्षक के द्वारा छेड़छाड़ करते हुये दस्तावेजों को बदला जाता है जिस पर भी सक्षम अधिकारी को संज्ञान लेने की आवश्यकता है।

### विवादों से है पुराना नाता

उल्लेखनीय है कि राजस्व निरीक्षक तोताराम भारद्वाज इससे पूर्व खरसिया में ही पटवारी के रूप में पदस्थ थे, उसके बाद पदोन्नति के पश्चात भी नियम विरूद्व अनेक वर्षों से खरसिया में ही जमे हुये हैं, जनमानस में चर्चा आम है कि राजस्व निरीक्षक के द्वारा भूमि संबंधित मामलों में जमकर रिश्वतखोरी की जाती है और रिश्वत न मिलने पर बेवजह प्रकरण को लंबित कर दिया जाता है। ऐसे अनेक मामले देखे जा सकते हैं जिसमें एक साथ लगाये गये प्रकरणों में से एक प्रकरण में तो राजस्व निरीक्षक के द्वारा तत्काल प्रतिवेदन दे दिया गया किंतु अन्य प्रकरण में महिनों बाद भी प्रतिवेदन नहीं दिया गया, चूकिं राजस्व निरीक्षक अथवा पटवारी के प्रतिवेदन के बिना प्रकरण आगे नहीं बढ़ सकता तो ऐसे में प्रकरणों में तारीख पे तारीख बढ़ती रहती है और न्यायालय में लंबित प्रकरणों के मामले भी बढ़ते जाते हैं । जिला कलेक्टर के द्वारा अनेंको बार समय सीमा की बैठक में तथा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान भी निर्देशित किया गया है कि लंबित प्रकरणों का जल्द निपटारा किया जाये किंतु जिला कलेक्टर के आदेश के बाद भी भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी के कानों में जूं तक नहीं रेग रही है। राजस्व प्रकरणों का सूक्ष्मता से निरीक्षण करने पर जांच अधिकारी को स्वयं ही सारे प्रमाण मिल जाएंगे किंतु भ्रष्ट राजस्व निरीक्षक पर कोई कार्यवाही होती है, या मामले को ऐसे ही रफा दफा कर दिया जाएगा, यह देखना जरुर दिलचस्प होगा।

## एक नजर

### विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने कलेक्टर ने दी अधिकारियों को जिम्मेदारी



**बीजापुर 14 दिसम्बर।** साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने भारत सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हेतु सभी नामजद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं आयोजन की तैयारियों को लेकर विस्तृत समीक्षा किए। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रूट के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन करने, रूट चार्ट तैयार करने व्यापक प्रचार-प्रसार कर जिला ब्लॉक एवं पंचायत स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा कर केन्द्र सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर नल, जल-जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो फर्टिलाईजर, सहित शासन की अन्य योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराने हेतु फार्म भरवाने के लिए प्रेषित करने को कहा। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा इस प्रमुख योजनाओं से हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभ दिलाने एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को सुगमता पूर्वक पहुंचाने के लिए सुनियोजित कार्यक्रम चलाए जा रहें हैं।कल 13 दिसम्बर 2023 को रायपुर स्थित साईंस कालेज परिसर में छत्तीसगढ़ शासन के नव नियुक्त मुख्यमंत्री जी एवं मंत्रिमंडल के शपथग्रहण समारोह का लाईव प्रसारण किया जाएगा। जिले के सभी वर्गो ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों में शपथ ग्रहण समारोह के लाईव प्रसारण को देखने के लिए टीवी, एलईडी नेटवर्क सहित आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध कराने के निर्देश दिए। वहीं बीजापुर के नया बस स्टैण्ड में भी कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री रविकुमार साहू, संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, समस्त अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगरीय निकाय उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता गुजरात में शामिल हुई नवलीन



**महासमुंद 14 दिसम्बर ।** राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन गांधीनगर गुजरात में आयोजित किया गया। जिसमें दिनांक 9 से 10 तक छत्तीसगढ़ के दल से इंडियन राउंड में नवलीन कौर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल बागबाहरा ने 19 वर्ष बालिका वर्ग में अपनी भागीदारी करते हुए अच्छा प्रर्दशन किया। गुजरात में ही 14 वर्ष बालक/बालिका वर्ग का राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता दिनांक 13 से 14 दिसम्बर तक आयोजित हैं। जिसके लिए प्रदेश की टीम 11 दिसम्बर को रवाना हुई। इंडियन राउंड में जिले से तोरण यादव, मिडिल स्कूल खोपली बागबाहरा व कंपाउंड राउंड में 14 वर्ष बालिका वर्ग में देविका यादव भोरिंग स्कूल का चयन हुआ हैं। जो छत्तीसगढ़ की दल से प्रतिनिधत्व करेंगे। प्रदेश की चयनित टीम का जिला कोंडागांव में 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें तीरंदाज़ी खेल कौशल का अभ्यास कराया गया।विदित हो कि विकासखण्ड स्तर, जिला, संभाग, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पश्चात राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ हैं ।

जिसका संभाग स्तरीय प्रतियोगिता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग महासमुंद व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला कोंडागांव में किया गया था। खिलाड़ियों को श्रीमती मीता मुखर्जी जिला शिक्षा अधिकारी, श्री सतीश नायर सहायक संचालक, श्रीमती अंजली बरमाल सहायक क्रीड़ा अधिकारी, श्री के .के. वर्मा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा, श्री पूर्णेन्द्र चंद्राकर छात्रावास अधीक्षक बाल आश्रम बिहाझर, श्रीमती मधु सिरमौर प्राचार्य स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल बागबाहरा, डॉ. विकास अग्रवाल अध्यक्ष ज़िला तीरंदाजी संघ महासमुंद, श्रीमती पुष्पा चंद्राकर प्रधान पाठक खोपली, प्रशिक्षक श्री एवन कुमार साहू, हीरु साहू, डॉ. सुनिल कुमार भोई, पीरित राम साहु, ऋषि कपूर साहू, सोमनाथ साहू, रणजीत कौर, भोपाल बंजारा, रिंकल बग्गा, हीरा सिंह नायक, शैलेश शुक्ला, राजेंद्र यादव, सुभाष चंद्राकर ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

रिहायसी इलाकों में सौ से अधिक बने है छत्ते

# मधुमक्खियों के जानलेवा हमले से वनविभाग अंजान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 14 दिसंबर।** शहर के मुख्य मार्ग मे बनी कुछ आलीशान ईमारतो की छत पर बने मधुमक्खियों के छत्ते को लेकर वनविभाग गंभीर नही है,कुछ माह पूर्व रायगढ रोड स्थित एक टावर की क्षत से मधुमक्खी का छत्ता टूटकर पास मे ही बैठे रेस्टोरेंट के अनेक ग्राहको को घायल कर दिया था,मधुमक्खियों के डंक से कुछ बच्चे भी घायल हुये थे,जिसके बाद शहर मे मधुमक्खियों के छत्ते हटाने की कई दिनो तक चर्चा चली,परंतु वनविभाग शायद इस बात से बिल्कुल बेखबर है। रायगढ रोड स्थित एक टावर की छत पर अब भी दो दर्जन से अधिक छत्ते लटकते आसानी से देखे जा सकते है,इस ईमारत के पास ही नेता एवं बडे अफ्सरो के रूकने का विश्राम गृह भी मौजुद है,वनविभाग जनता की तकलीफ के अलावा शासन प्रशासन के नुमाईदो पर आने वाली विपदा से भी अनभिज्ञ बना हुआ है,विश्राम गृह के पास ही एक विशालकाय वृक्ष मे भी सौ से अधिक मधुमक्खियो ने छत्ते बना रखे है,शोरगुल या फ्टाखो की आवाज से यदि मधुमक्खियां विचलित होकर अपने घर से बाहर निकलती है तो विश्राम गृह के अलावा सिंचाई विभाग,पशुधन विभाग,लोक निर्माण विभाग एवं इसके दायरे मे आने वाली अनेक रिहायसी कॉलोनीयों मे रहने वाले लोग मधुमक्खियों की चपेट मे आ सकते है। मधुमक्खियों से होने वाले ऐसे हमलो की ओर वनविभाग जरा भी ध्यान नही दे रहा है। अक्सर मधुमक्खियां शोर गुल मे विचलित होकर हमला करती है,यदि आने वाले समय मे इस तरह की कोई घटना शहर मे होती है तो उसकी समस्त जवाबदेही वनविभाग की होगी।।

डॉक्टर ने दी बचने की सलाह-:एक ही व्यक्ति को अनेक मधुमक्खियों द्वारा काट लिए जाने वाले पर पीडित की मौत भी हो सकती है,ऐसे मामले जिले मे अनेक बार घटित हो चुके है। ब्लाक चिकित्सा अधिकारी डॉ जेम्स मिंज ने बताया कि एक मधुमक्खी के काटने से एंटीबॉयोटिक दवाओ के अलावा पेनकिलर से ईलाज किया जा सकता है,परंतु एक ही व्यक्ति को अनेक मधुमक्खियों द्वारा काट लिए जाने पर उसका डंक बेहद घातक हो जाता है,ऐसी स्थिती मे यदि समय पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र मे पीडित को पहुंचा दिया जाता है तो उसकी जान बचायी जा सकती है। उन्होने लोगो से मधुमक्खियों के छत्तो वाली जगह पर शोर गुल के दौरान या फिर तेज हवा के समय जाने से मना किया है।।

# स्कूली बच्चे सहमे हुए हैं,पालक डरे हुए

- शहर में बेखौफ चलती रेत हाईवा, नवापारा की घटना को लेकर डरे हुए हैं लोग
- स्कूली बच्चे बड़े संभल कर चलते हैं थोड़ी सी असावधानी हुई तो जा सकती है जान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 14 दिसंबर।** नवापारा की तर्री में हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने एक ही परिवार के तीन लोगों की जान ले ली है। चूंकि यह शहर नदी के दूसरे छोर पर है। जिस तरह से रेत हाईवा सड़कों पर बेलगाम है इसी तरह से राजिम शहर के अंदरूनी मार्गो से होकर मिनट टू मिनट चौबिसों घंटे सरपट लोडिंग गाड़ियां दौड़ती रहती है इस पर लगाम लगाने वाला कोई नहीं है। हालांकि जिला मुख्यालय यहां से 44 किलोमीटर दूर गरियाबंद है लेकिन प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत एसडीएम एवं तहसील कार्यालय तथा विधानसभा मुख्यालय राजिम ही है। लोगों का कहना है कि अधिकारियों की उदासीनता आम राहगीरों की समझ से परे हैं। यदि चुपचाप बैठकर घटना का इंतजार करना है तो जिम्मेदार अधिकारियों को ऑफिस खुलवाकर बिठाने का क्या मतलब। बताना होगा कि शहर के आसपास के नदी किनारे गांव में बड़ी संख्या में रेत की अवैध धंधा फल फूल रहा है। स्थानीय लोग ठेकेदार के गुंडागर्दी के दहशत के चलते कुछ बोल नहीं पा रहे हैं। मानसून की विदाई के साथ ही रेत का खेल शुरू हुआ है जो लगातार पिछले 3 महीने से चल रहा है। इससे सड़कें खराब हो रही है। जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। शहर के आमापारा से होते हुए तथा गरियाबंद रोड से होकर नगर के भीतरी भागों से होते हुए राजधानी रायपुर के लिए यह गाड़ियां सरपट दौड़ती रहती है। यहां तक की स्कूल टाइम में भी इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है स्कूली बच्चे सहमे हुए हैं। पालक डर गए हैं। लेकिन क्या करें, यदि स्कूल नहीं भेजते हैं तो उनके बच्चे पढ़ाई में कमजोर हो जाएंगे। आसपास के गांव के सैकड़ो बच्चे स्कूल कॉलेज में पढ़ाई के लिए आते हैं। इनमें से सुबह से ही साइकिलों में छात्र-छात्राएं आना-जाना करते रहते हैं जो शाम 6~00 बजे तक चलता रहता है। इस समय बड़ी संख्या में यह गाड़ियां निकलती है। बताना जरूरी है कि राजिम धर्म नगरी है इस लिहाज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटकों का भी आना-जाना लगा रहता है। कई बार सुनने को मिला है कि सड़कों की कंडम हालत एवं यातायात की बिगड़ी स्थिति को देखकर बाहर से आने वाले पर्यटक दूर से ही वापस चले जाते हैं। दीपावली त्यौहार पर तो 1 मिनट में 10 गाड़ियां निकल रही थी। इन्हें देखते हुए लोग खरीदारी के लिए घर से बाहर नहीं निकले, त्यौहार के नजदीक आते ही मजबूरी में लेनदेन के लिए बाजार आए हुए थे। सुबह शाम गाड़ियों के कारण सड़कें गीली हो जाती है जिसके कारण फिसल कर भी लोग गिर जाते हैं राहगीर मंगलू, मोहित, वेदन, एकांत, विष्णु, दीनदयाल ने बताया कि ऐसी स्थिति पहली बार हुई है इस तरह से अवैध कारोबार को खुला छोड़ने तथा जनता को परेशानी में डालना कहां का न्याय है लोगों ने नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू एवं जिला कलेक्टर आकाश छिकारा से शीघ्र रेत भरी हाईवा से परिवहन बंद करने की मांग की है।

### गुड मॉर्निंग महासमुंद में खेलों के साथ योगा, जुंबा का होगा आयोजन

**महासमुंद 13 दिसम्बर।** लोगों के बेहतर स्वास्थ्य व लोगों को जागरूक करने के साथ उनकी इम्यूनिटी सिस्टम को और मजबूत करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, खेल विभाग, खेल संघ तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से गुड मॉर्निंग महासमुंद का आयोजन स्थानीय मिनी स्टेडियम महासमुंद में शनिवार 16 दिसंबर को सुबह 07:00 बजे से 08:30 बजे तक गुड मॉर्निंग महासमुंद का आयोजन लगातार चौथे शनिवार को किया जाना है। जिसमें योगा, हैंडबॉल, हॉकी, खो खो, वॉलीबॉल, नेटबॉल, रस्साकसी, फुटबॉल, बास्केटबाल, क्रिकेट, कराते खेल के साथ पारंपरिक गतिविधियां आयोजित किया जाएगा। जिसमें खेल संघ, व्यायाम शिक्षक, योगा, जुंबा टीम द्वारा खेल गतिविधियों का अभ्यास कराया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में नागरिक आकर अपनी रुचि अनुसार गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। आयोजन में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा, उच्च शिक्षा, नगर पालिका परिषद से सहयोग की अपेक्षा की गई ।

## समाचार संक्षेप

### नई सरकार के गठन को लेकर जिले में उत्साह का माहौल

**बीजापुर 14 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन के नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं नए सरकार की गठन को लेकर बीजापुर जिले के जनमानस में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। बीजापुर जिले के 80 प्रतिशत आबादी आदिवासी समुदाय का है जो अपने आदिवासी वर्ग के मुख्यमंत्री बनने पर नई उम्मीदों के साथ गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। कवंर समाज एवं सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष श्री कमलेश्वर पैकरा ने मुख्यमंत्री जी को नई जिम्मेदारी मिलने पर जिले के समस्त आदिवासी समुदाय की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि बरसों पुरानी आदिवासी मुख्यमंत्री का मांग आज पूरा हुआ उम्मीद है कि आदिवासी मुद्दों और हितों को ध्यान में रखते हुए हम सभी की आकांक्षाओं में खरा उतरेंगे। पेशा कानून सहित पांचवी अनुसूची के कड़ाई से पालन और ग्रामसभा के अधिकारों को बहाल करने में सफल होंगे।व्यापारी संघ के जिला अध्यक्ष श्री ईश्वर सोनी ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को नई जिम्मेदारी पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीजापुर की जनता, किसान, युवा एवं व्यापारी वर्ग सहित प्रत्येक वर्ग में खुशी का माहौल है व्यापार, व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। पूरी आशा और उम्मीद के साथ हम सब बीजापुर वासियों में हर्ष का माहौल है।बीजापुर प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष श्री के संतोष ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा बीजापुर जिले सहित पूरे राज्य के विकास लिए नया सवेरा साबित होगा।

### नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया गया स्वच्छता अभियान




**बीजापुर, 14 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले में आज स्वच्छ भारत अभियान के तहत् विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया। उल्लेखनीय है कि विशेष स्वच्छता कार्यक्रम के तहत् जिले में आज से 16 दिसम्बर तक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की विशेष पहल की जा रही है। स्वच्छता अभियान में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, ग्रामीणजन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी बढ़.चढ़कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इसके अंतर्गत जनसामान्य को घरों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, स्वच्छता से जुड़े बीमारियों को नियंत्रित करने, स्वस्थ और स्वच्छ भविष्य की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करने तथा स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षा, शौचालय का उपयोग सुनिश्चित कराने हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिले के सभी नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हुए इस अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की।

### कोलाहल नियत्रंण अधिनियम उल्लघंन पर होगी कार्रवाई

**सुकमा,14 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर हरिस. एस ने जिले में कोलाहल नियत्रंण अधिनियम का उल्लघंन करने वालों पर में तत्तकाल कार्यवाही करने के लिए निर्देश मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में दिए। साथ ही जिले में शांत परिक्षेत्र को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने धान उपार्जन की स्थिति, मिलर्स का पंजीयन इत्यादि की समीक्षा करते हुए, केंद्रों में धान खरीदी सुनिश्चित करने और एसडीएम, तहसीलदार अधिकारी को उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अंतर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष रूप से निगरानी करने को कहा।कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, भूमि सीमांकन, भूमि व्यवर्तन, विवादित-अविवादित नामांतरण, सुपोषण केंद्र, जल जीवन मिशन, सोलर आधारित योजना के सम्बंध में इसकी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सड़क और ब्रीज की प्रगतिरत कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए, अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारी से कहा कि मुख्य मार्ग से सर्किट हाउस तक पहुंच मार्ग में गड्ढे को ठीक कराएं। कलेक्टर ने जन शिकायतों-जन समस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने राजस्व सहित सभी लंबित प्रकरणों का परीक्षण कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। लक्ष्य अनुरूप शेष जाति एवं निवासी प्रमाण पत्र शीघ्र बनाने और पोर्टल में नियमित रूप से एंट्री कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्य यात्रा के तहत गावों में होने वाले कार्यक्रम के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# श्रीमद भागवत केवल पुस्तक नहीं साक्षात कृष्ण स्वरूप है:राधेय महाराज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबन्द, 13 दिसंबर।** पांडवो का हिमालय गमन हमे यह बताता है पांच तत्वों से बने इस शरीर को इसी तरह एक दिन पंच तत्वों में मिल जाना है मृत्यु ही सत्य है इसे हमे स्वीकार करना होगा तथा यह कोशिश करे कि जिस तरह राजा परिक्षित ने अपना अंत समय जान मृत्यु को सफल बनाने के लिये प्रयास किया वह हमारे समक्ष एक उदाहरण है ।उक्त बाते शर्मा परिवार मजरकटा मे आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान भक्ति यज्ञ में कथा वाचक पूज्य रमेश भाई ओझा के शिष्य पंडित सुशील राधेय महाराज ने राजा परीक्षित प्रसंग को बताते हुये कहा।श्रीमद भागवत ज्ञान भक्ति यज्ञ का शुभारंभ जल यात्रा के पश्चात गौकरण महात्म्य से हुई । इस अवसर पर परम् पूज्य महाराज ने अश्वस्थामा की कथा ,द्रोपदी के पांच पुत्रों के हत्या और राजा परीक्षित की कथा को विस्तार पूर्वक बताया। कपिल नारायण अवतार एव शिव सती चरित्र प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डाला और मनु सतरूपा की कथा बताते हुये सृष्टि की रचना से स्त्रोता समाज को अवगत कराया। महाराज जी ने भगवत महापुराण की एक एक बात को जीवन दर्शन बताते हुये कहा कि इसे हम सिर्फ सुने ही नही बल्कि अपने जीवन मे अपनाए। भगवत महापुराण हमे धर्म की बात सिखाता है धर्म यानि जिसे हम धारण करे वही धर्म है कृषक के लिये कृषि कार्य धर्म है, पुत्र के लिये माता पिता की सेवा धर्म है, शिक्षक के लिये शिक्षादान देना धर्म है, शिष्य के लिये गुरु की बात मानना धर्म है अर्थात जो भी जिस पेशे से जुड़ा है उसका ईमानदारी पूर्वक पालन करना ही उसका धर्म है ।भगवान की कृपा के लिये हमें दिखावा करने की जरूरत नही है अगर सच्चे मन से हम अपने कर्तव्य का पालन करते है तो वह भी भगवत भक्ति ही है।कथा व्यास जी ने बताया कि भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समाज द्वारा बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं किंतु भगवान के नियम ना तो गलत हो सकते हैं और नहीं बदले जा सकते हैं।राधेय महाराज ने कहा कि भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करे उसे हम भागवत कहते है। चौथे दिवस ध्रुव चरित्र, जड़भरत चरित्र, पुरंजन आख्यान, नृसिंह अवतार, पांचवे दिवस हरि अवतार, समुद्र मंथन, वामन चरित्र एवं रामावतार, छठवें दिवस 15 दिसम्बर को भगवान श्री कृष्णावतार एवं नंदोत्सव, सातवें दिवस 16 दिसम्बर को बाल लीला, गोवर्धन पूजा,रासलीला एवं श्रीकृष्ण रूखमणी मंगल विवाह, आठवें दिवस 17 दिसम्बर को सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय जी के 24 गुरू की कथा, परिक्षित मोक्ष, नवम दिवस 18 दिसम्बर को गीता तुलसी वर्षा, सहस्त्र धारा स्नान एवं यज्ञ पूर्णाहुति सम्पन्न होगी।

### गुरु घासीदास जयंती पर 18 दिसंबर को शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद 14 दिसम्बर।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर सोमवार 18 दिसंबर 2023 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसके मद्देनजर कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने उक्त तिथि को जिले की सभी देशी/विदेशी/कम्पोजिट/प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानें, एफ.एल.3 बार सपना बार एवं रेस्टॉरेंट महासमुंद तथा देशी मदिरा भण्डारण भाण्डागार को बंद रखने के आदेश दिए है। साथ ही उक्त दिवस में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

# शिक्षक केआर सिन्हा को ग्रामीणों ने दी भावपूर्ण विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 14 दिसंबर।** विकास खंड फिंगेस्वर के पूर्व माध्यमिक शाला रवेली मे बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजन किया गया था।जिसमे विद्यालय के सेवानिवृत्त हुए समाजिक विज्ञान विषय के शिक्षक खेमू राम सिन्हा को विदाई दी गई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों व बच्चो ने भावपूर्ण शब्दों में उनके कार्यो को स्मरण करते हुए अश्रुपूरित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत स्वरस्वती माता की छाया चित्र पर पुष्प गुलाल, और धुप जलाकर आशीर्वाद लेते हुये किया वही निरंजन साहू ने मंचासीन अतिथियों को परिचय कराया। उसके बाद वातावरण करूण भाव से भर गया। जिसमें खेमू राम साहू के कर्मठता, त्याग, सहनशीलता, सरल स्वभाव, सदैव प्रसन्न दिखना कभी क्रोध न करना जैसे प्रशंसनीय कार्यो को याद किया गया। समाजिक विज्ञान विषय के दक्ष सिन्हा तो थे, लेकिन हिंदी पर भी उनका पकड़ अच्छा था साथ ही प्रधान पाठक भी थे। वा सिन्हा समाज में उनकी विशिष्ट पहचान है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सदस्यों ने श्रीफल देकर उन्हें सम्मानित किया।

अपने उधबोधन में शिक्षक खेमुराम सिन्हा ने बताया कि जीवन मे अनुशासन का महत्व है ज़ब हम थोड़ा सा भी लेट होते थे तो हमारे सर उस समय हमे स्कूल से बाहर कर देते थे, तो सभी बच्चो को अनुशासन का परिचय देना होगा. कोरोना काल जैसे भीषण स्थिति में मै रवेली स्कूल पहुंचा, ग्राम रवेली मेरे लिए बहुत अच्छा रहा और मुझे गांव सभी वरिष्ठ नागरिकों व बच्चों के द्वारा भरपूर प्यार मिला. मै आज भी विदाई के बाद भी कोर्स को पूरा करने आऊंगा, शनिवार और रविवार को मै निस्वार्थ भाव से शिक्षा देने आऊंगा, ग्राम रवेली के बच्चो को सेवा भाव से सेवा दूंगा क्यों की सेवा का फल हमेशा मिलता है. मै सभी ग्रामवसियो का हृदय से धन्यवाद देता हूं. ।।बता दे की शिक्षक खेमू राम सिन्हा का जन्म 30 नवंबर सन 1961 को ग्राम अतरमरा मे एक कृषक के घर जन्म हुआ. शिक्षा के क्षेत्र मे सर्व प्रथम पोस्टिंग 11 जुलाई सन 1983 मे छुरा विकास खंड के ग्राम वन चारोदा मे हुआ जहाँ शिक्षक खेमू राम सिन्हा दो साल तक सेवा दिया. इसके बाद सिन्हा का दो सालो तक प्रशिक्षण मे रायपुर गए. प्रशिक्षण पूर्व होने पर सन 1987 मे छुरा विकास खंड के अपने गृह ग्राम अतरमरा मे ही सेवा दिय । शिक्षा के क्षेत्र मे 29 सालो तक सेवा दिय ।. 2008 मे सिन्हा उच्च श्रेणी शिक्षक मे पदोउन्नति हुआ फिर 2016 मे स्थान्नतरण होकर छुरा के ही चूरकी दादर मे माध्यमिक शाला हुआ फिर 2017 मे एक बार स्थान्नतरण होकर फिंगेश्वर विकास खंड के ग्राम लोहरसी मे पदस्थ हुये। जहाँ सिन्हा ने तीन सालो तक सेवा दिए. उसके बाद 30 नवंबर 2021 मे पुनः प्रधान पाठक के रूप मे फिंगेश्वर विकास खंड के ग्राम रवेली मे पदस्थ हुये . शिक्षा के क्षेत्र मे आने से पहले खेमू राम साहू 1 वर्षो तक पाण्डुका के एरीकेशन सब डिवीजन मे रहे इस दौरान इन्होने वेतन बढ़ोतरी को लेकर अकेले भूख हड़ताल पर बैठे. इनकी मांग पूरी होने के बाद इन्ही वेतन मे बढ़ोतरी हुई। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल के बच्चे वा ग्रामीणों सहित शिक्षको में प्रधान पाठक भगचंद चतुर्वेदी भेंडरी , प्रधान पाठक रुपसिंह नेताम रवेली , शिक्षक लालजी सिन्हा, अश्वनी कुमार साहू, तेज कुमार मांडले, जय कुमार नागवंशी,शिक्षिका पनेशवरी घोघरे, सरपंच राधा साहू, मदन यादव, निरंजन साहू, गुलशन यादव, पंच जोहरी साहू, पंच पिंकी घोघरे, पंच सुरेखा बाई, शाल प्रबंधक अध्यक्ष लालजी साहू, ग्रामीण अध्यक्ष द्वारिका कश्यप, उपाध्यक्ष लोमश यादव, संरक्षक भुनेश्वर ध्रुव, सचिव नूतन साहू, गिरधारी विश्वकर्मा, जागेश्वर कश्यप, कमलनरायण साहू, शिवकुमारी, घनश्याम, रोहिणी साहू, तिलक ध्रुव, द्रोपती सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

**एक नजर**

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से अजय ने की सौजन्य भेंट



**बालोद, 14 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय शर्मा को छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री बनाये जाने के पश्च्यात भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय बाफ्ना ने उनसे मुलाकात कर नए दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं उन्हें बालोद आने का आग्रह किया। अजय बाफ्ना ने बताया कि विजय शर्मा को उप मुख्यमंत्री बनाने से युवाओ में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ और युवा वर्ग पार्टी के इस निर्णय से बहुत ही खुश है।

## उपमुख्यमंत्री साव से बाफना की सौजन्य भेंट



**बालोद, 14 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री बनाये जाने के पश्च्यात भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय बाफ्ना ने उनसे मुलाकात कर नए दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## जिले में अब तक 2 लाख 5 हजार 407 मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी

**बालोद, 14 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बालोद जिले में खरीफविपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 195 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 53 हजार 785 किसानों द्वारा कुल 02 लाख 05 हजार 407 मेट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 450 करोड़ 62 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 01 लाख 77 हजार 600 मेट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 01 लाख 13 हजार 265 मेट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 92 हजार 142 मेट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 4471 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 19 हजार 76 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

## विशेष ग्राम सभा का आयोजन 19 से

**बलौदाबाजार, 14 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़ के निर्देश पर कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन में पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु जन योजना अभियान 2023-24 काआयोजन किया जा रहा है। अभियान के दौरान ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन कर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कार्ययोजना का निर्माण किया जाना है। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत विकास योजना के निर्माण हेतु दिनांक 19 दिसम्बर 2023 से प्रत्येक ग्राम में विशेष ग्राम सभा का आयोजन के निर्देश दिए है। उक्त ग्राम सभा में शतप्रतिशत उपस्थिति एवं गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व संबंधित सचिव,सरपंच एवं पंचों को दिया गया है।

## अग्निवीर भर्ती रैली 15 से 23 दिसम्बर तक

**बलौदाबाजार, 14 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अग्निवीर भर्ती रैली के लिए 15 से 23 दिसम्बर तक रैली का आयोजन किया गया है। रैली का आयोजन जांजगीर -चांपा जिले के खोखराभाठा स्थित पुलिस लाईन में आयोजित की जायेगी। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने वाले पात्र अभ्यर्थियों के लिए नि:शुल्क बस सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली के लिए अप्रैल में ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीसीई) का आयोजन किया गया था जिसमें उत्तीर्ण युवाओं की शारीरिक दक्षता और चयन परीक्षा का आयोजन जांजगीर चांपा में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के अभ्यार्थिओं के लिए 18 दिसम्बर एवं 20 दिसम्बर को निर्धारित की गई है। इस दौरान 18 दिसम्बर 2023 की शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र युवाओं के लिए 17 दिसम्बर को दोपहर 12.00 बजे एवं 20 दिसम्बर की शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले युवाओं के लिए 19 दिसम्बर को दोपहर 12.00 बजे तक सभी अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेज एवं आवश्यक सामग्री के साथ अपने-अपने जनपद पंचायत बलौदाबाजार, कसडोल, पलारी एवं सिमगा में उपस्थित होकर संबंधित जनपद सीईओ से सम्पर्क कर सकते है। अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने के लिए दोपहर 1.00 बजे से पुलिस लाईन खोखराभाठा जांजगीर- चांपा के लिए बस रवाना हो जायेगी।

### श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक का पंचम दिवस, नीलांजना की मृत्यु देख हुआ वैराग्य

# आदि तीर्थंकर ने असी-मसी, कृषि-ऋषि बनने का दिया ज्ञान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 14 दिसम्बर।** परम पूज्य संत शिरोमणि दिगंबर जैनाचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज के ससंघ सानिध्य में धर्म नगरी तिल्दा नेवरा में श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक जिन बिंब प्रतिष्ठा महामहोत्सव के पंचम दिवस बुधवार को होने वाले प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ प्रभु का तप कल्याणक मनाया गया जिसमें अयोध्या के चौदहवें कुलकर राजा नाभिराय मां मरुदेवी के पुत्र होने वाले तीर्थंकर युवराज आदि कुमार अपनी प्रजा को असी मसी कृषि व ऋषि का विद्या ज्ञान प्रदान करते हैं ओर फिर देव लोक से आई नीलांजना की मृत्यु देख उन्हें वैराग्य हो जाता है वह राजपाठ त्यागकर तपस्या करने वन को चले जाते हैं।

अयोध्या के चौदहवे कुलकर राजा नाभिराय व महारानी मरुदेवी के पुत्र युवराज आदि कुमार के समक्ष जब प्रजा के लोग पहुचते हैं ओर अपनी पीड़ा सुनाते हैं तब वह उन्हें शुभ सन्देश देते हैं ओर आत्मरक्षार्थ असी विद्या का ज्ञान कराते हुए अस्त्र शस्त्र चलाना सिखाकर सुरक्षा के लिए सेना की स्थापना करते हैं प्रजा को युवराज आदि कुमार अस्त्र शस्त्र विद्या सिखाते हुए सेनानायक के रुप में समझाते है कि इसका उपयोग आत्मरक्षा राष्ट्र की रक्षा में करना है किसी बेगुनाह को मारने या किसी अन्य देश पर चढ़ाई करने नहीं करना है अपने राष्ट्र की तरफ कोई दुश्मन आंख उठाये तब उसे जबाब देना है इसके पश्चात आदि कुमार प्रजा को मसी अर्थात विद्या का ज्ञान देते हैं अक्षर ज्ञान कराते हैं ओर शिक्षा को जीवन मे महत्वपूर्ण बताते हुए पढ़ाई लिखाई का शुभ सन्देश देते हैं युवराज आदिकुमार अपनी प्रजा को इसके साथ ही कृषि करने की विद्या सिखाते हैं और कृषि कार्य के लिए पशुधन की रक्षा का शुभ सन्देश देते हुए कहते हैं कि जमीन को हल से बखरना है बीज डालना है गोबर खाद पानी देना है इस तरह कृषि कर संसार का पालन करने कृषि करने की प्रेरणा देते हैं आत्मकल्याण के लिए ऋषि बनने की प्रेरणा देते है साथ ही वह अपनी दोनो पुत्रियों ब्राह्मी ओर सुंदरी को लिपि एवं अंक विद्या की जिम्मेदारी देते हैं आत्मा के कल्याणार्थ आत्मा को जन्म मरण के बंधन से मुक्ति दिलाने ऋषि मुनि बनकर तप करने की प्रेरणा देते हैं।

असी मसी कृषि ऋषि में अपनी प्रजा को पारंगत करने के बाद अयोध्या के राजा आदिकुमार की सभा मे देवलोक से आई देवी नीलांजना नृत्य करती हैं नृत्य करते करते उनकी मृत्यु हो जाती है और सौधर्म इंद्र अपनी शक्ति से पलभर में दूसरी नीलांजना प्रगट कर देते हैं लेकिन युवराज आदिकार की दृष्टि नीलांजना की मृत्यु पर पड़ जाती है जिसे देखकर उन्हें वैराग्य हो जाता है वह अपने पुत्र भरत व बाहुबली को राजपाठ सौपकर आत्म कल्याणक के पथ पर आगे बढ़ जाते हैं और जंगल मे घोर तपस्या करने लगते हैं डोली से आदिकुमार को वन तक छोड़ने कौन जयगा इसे लेकर सभी अपनी अपनी बात करने लगते है तभी वह उपदेश देते है जो संयमी हैं वही डोली उठाएंगे ओर इस तरह आदिकुमार को वैराग्य होकर वह तपस्या करने वन में चले जाते हैं प्रतिष्ठाचार्य वाणी भूषण बाल ब्रह्मचारी विनय सम्राट भैया के मुखारविंद से कुशल संचालन में मंच पर इनका मंचन होता है।

### वैराग्य होते ही पहुंचे आचार्यश्री

अयोध्या के युवराज आदिकुमार को वैराग्य होते ही विद्यासागर महामुनिराज का महामहोत्सव स्थल पर मंगल पदार्पण होते है होने वाले आदि तीर्थंकर को दीक्षित कर उनका नाम आदि सागर मुनिराज रखते हैं तप की महत्वता समझाते हुए विद्यासागर आत्मतत्व का ज्ञान कराने अपनी देशना देते हैं।

**आहार चर्या का शौभग्य चौधरी प्रवीन जैन परिवार को मिला:** बुधवार को को आहारदान का शौभाग्य नेवरा निवासी चौधरी प्रवीन जैन प्रफुल्ल जैन वीरेंद्र रीटा जैन साधना जैन जिनेन्द्र जैन निशांत जैन यश जैन मनीष जैन परिवार को प्राप्त हुआ।



**सफाई अभियान**



**बालोद, 14 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आज नगर के जन प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं आम जनता के द्वारा जिला मुख्यालय बालोद के बुधवारी बाजार की साफ-सफाई की गई। इस दौरान नगर पालिका परिषद बालोद के पार्षद कमलेश सोनी सहित गणमान्य नागरिक सुरेश निर्मलकर, अमित चोपड़ा, गिरजेश गुप्ता, सुनील यादव सहित नगर पालिका बालोद के स्वच्छता कर्मियों सहित आम नागरिकों ने बुधवारी बाजार बालोद की साफ-सफाई की।

# सीएम व डिप्टी सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में रहा उत्सव सा माहौल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 14 दिसम्बर।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में बुधवार 13 दिसंम्बर 2023 को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ ली। इसके साथ ही अरुण साव एवं विजय शर्मा ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री व अरुण साव एवं विजय शर्मा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के जीवंत प्रसारण को जनपद पंचायत सहित ग्राम पंचायतों में टीवी एवं कम्प्यूटर सिस्टम से लोगों ने देखा। भव्य शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्रियों को शपथ ग्रहण करते देख लोग काफी उत्साहित हुए। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देशानुसार शपथग्रहण समारोह के जीवंत प्रसारण को देखने की व्यवस्था सभी जनपद पंचायत ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में किया गया था। सरकार गठन को लेकर लोगों में उत्साह था कि घोषणा पत्र में किये गए वादे अब जल्द पूरे होंगे। इसमें किसानों को दो वर्ष का बोनस राशि का भुगतान व 3100 रुपये में धान खरीदी, महतारी वंदन योजना प्रमुख हैं।



## आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 14 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत 4 लोगों के निकट परिजनों के लिए 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 12 दिसम्बर 2023 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हितग्राहियों में बैसाखू फेकर पिता मनीराम फेकर, निवासी ग्राम सुन्द्रावन, तहसील पलारी, धनीराम सेन पिता रामसाय सेन, निवासी ग्राम तिल्दा, तहसील लवन, विजय कुमार गेण्डरे पिता बसंत कुमार, निवासी ग्राम धनगांव, तहसील लवन एवं जयपाल निषाद पिता जगेश्वर निषाद, निवासी ग्राम अमलकुण्डा, तहसील लवन शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के तालाब के पानी में डूबने, सर्पदंश, आग में जलने से मौत हो गई थी।

### बालोद जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण

# नोडल,सहायक नोडल अधिकारियों के साथ प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 14 दिसम्बर।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार बालोद जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु जिले के सभी नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों के साथ-साथ प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के आयोजन के दौरान आम जनता को केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के अंतर्गत आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के आदि योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुँचाने के अलावा सभी हितग्राहियों को इन योजनाओं से लाभान्वित कराने को प्रयास किया जाएगा।

इस दौरान जिले के निर्धारित स्थानों पर प्रचार रथ का आगमन होगा। रथ के आगमन होने पर सर्वप्रथम रथ का स्वागत किया जाएगा। इस दौरान आम लोगों को प्रधानमंत्री का संदेश भी सुनाया जाएगा। इसके अलावा दो मिनट की 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' फिल्म भी दिखाई जाएगी। इस दौरान कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आयुष्मान कार्ड बनाकर उसका वितरण भी किया जाएगा। इस दौरान टी.बी. एवं सिकलसेल आदि बीमारियों का जाँच भी किया जाएगा। कार्यक्रम में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को गैस कनेक्शन प्रदान करने हेतु फॉर्म भराने के अलावा चयनित हितग्राहियों को गैस कनेक्शन भी प्रदान किया जाएगा। शर्मा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आयोजन को सफल बनाने हेतु अपने अधीनस्थ मैदानी अमले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी तरह से मुस्तैदी के साथ कार्य कराने के निर्देश भी दिए। आयोजन के दौरान उन्होंने संबंधित हल्का पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, स्कूलों के प्रधान पाठकों के अलावा सहकारी समितियों अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस रखकर घूमने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 14 दिसम्बर।** जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमित तिवारी के दिशा निर्देश में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 994/2023 धारा 25 आर्म्स एक्ट एवं 34 भादवि के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। नाम आरोपीः सूरज कुमार नवरंगे पिता समेलाल नवरंगे उम्र 23 वर्ष, साकिन बट्टी नायक का मकान केशरवानी मंगल भवन के पास भैंसापसरा थाना सिटी कोतवाली जिला बलौदाबाजार - भाटापारा है। मांमले का सक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 13 दिसम्बर को जारिये मुखबीर सूचना मिली कि सूरज कुमार नवरंगे भैंसापसरा का अवैध रूप से एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस अपने पास रखकर दशरमा चौक के पास खड़ा हैं, कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाह के रेड कार्यवाही किया वहां पर सूरज कुमार नवरंगे पुलिस को देखकर भागने के प्रयास किया जिसे पकड़कर पुछताछ कर उसके फुल पैंट की तलाशी लेने पर दांहिने पाकिट में एक लोहे का हथियार देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस रखे मिला जिसके संबंध में पुछताछ करने पर लेखराम उर्फलेखन बंजारे पिता महगु बंजारे, उम्र करीबन 25 वर्ष पुरानी बस्ती बलौदाबाजार से लेना स्वीकार किया, एवं धारा 27 साक्ष्य अधिनियम के तहत गवाहों के समक्ष कथन दिया, आरोपी सूरज कुमार का कृत्य धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध घटित करना पाये जाने से उक्त एक नग लोहे का हथियार देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस जिसमें के.एफ8 एम.एम. लिखा को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया।



### सुबह-सुबह जिले के भ्रमण पर निकले कलेक्टर चंदन कुमार

# अतिक्रमण और सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

- सड़क में बेतरतीब पड़ी निर्माण सामग्रियों पर कार्रवाई और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश
- नए मटन मार्केट में बढ़ेंगी मूलभूत सुविधाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 14 दिसम्बर।** जिले के नगरीय निकायों में हुए अतिक्रमण पर जिला प्रशासन द्वारा सख्ती से कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। कलेक्टर चंदन कुमार ने बुधवार को अधिकारियों के साथ सुबह - सुबह बलौदाबाजार नगर का भ्रमण कर अतिक्रमण पर की गई कार्रवाई तथा साफ़ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने भ्रमण के दौरान सड़क पर निर्माण सामग्री जैसे गिट्टी, रेत एवं मलबा बिखरे पड़े देखकर गहरी नाराज़गी जाहिर करते हुए तहसीलदार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ततकाल सड़क से सामग्रियो को हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर में साफ सफाई पर ध्यान देते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने, नगर की सौंदर्यीकरण पर जोर देने तथा अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सब्जी बाजार में अवैध रूप से संचालित मटन मार्किट को हटाने की गई कार्रवाई का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्रवाई के उपरांत बिखरे पड़े मलबों को हटाने तथा अच्छी तरह से समतलीकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बाजार में निर्मित शौचालयों की साफ - सफाई के भी निर्देश दिए। इसके पाश्चत कलेक्टर ने नए मटन मार्केट के लिए निर्धारित स्थल का मुआयना किया। उन्होंने व्यवस्थित रूप से मटन मार्केट संचालन के लिए जरूरी व्यवस्था जैसे बिजली,पानी, नाली निर्माण, जैविक अपशिष्ट पदार्थों का उचित निपटान तथा दुकानों के शटर को पेंट कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सड़क के किनारे लगने वाले ठेले व खोमचों के लिए वेंडिंग जोन निर्धारित करने के लिए आवश्यक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे ठेले -खोमचों की वजह से ट्रैफिक व्यवस्था में परेशानी होती है और दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है। इस दौरान तहसीलदार राजू पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।




**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202312092100018
अ/6 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका राशी अग्रवाल पति स्व. रोशन अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी कोल्डिंग दुकान के सामने, वार्ड नंबर 17, डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदिका के पति रोशन कुमार अग्रवाल निवासी डोंगरगढ़ के अधिकार एवं आधिपत्य की भूमि नजूल शहर डोंगरगढ़ भूमि है जिसका शीट क्रमांक 2. भूखण्ड क्रमांक 715/2(क), 716/1, 717/1(क), क्षेत्रफल 2978 वर्गफुट, भूखण्ड क्रमांक 1027/2, क्षेत्रफल 1081 वर्गफुट, शीट क्रमांक 05 भूखण्ड क्रमांक 1465/2 क्षेत्रफल 144 वर्गफुट स्थित है। आवेदिका के पति स्व. रोशन कुमार लोहिया अग्रवाल की दिनांक 21/08/2023 को मृत्यु हो चुकी है तथा उनके मृत्यु पश्चात् (1) राशी अग्रवाल पति स्व. रोशन कुमार अग्रवाल (पत्नी) (2) दिशिका अग्रवाल पिता रोशन अग्रवाल (पुत्री) (3) कल्प अग्रवाल पिता रोशन अग्रवाल (पुत्र) उत्तराधिकारीगण हैं, तथा हमारे अतिरिक्त अन्य कोई भी आवेदिका के पति स्व. रोशन कुमार अग्रवाल का उत्तराधिकारीगण नहीं है। जो कि पूर्णतः सत्य एवं सही है। स्व. रोशन कुमार अग्रवाल की मृत्यु पश्चात् उनके नाम से दर्ज उक्त भूमि से उनका नाम विलोपित कर समस्त उत्तराधिकारीगणों का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ तलवाना फार्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, संधारण खसरा पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 08/01/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
एवं नजूल अधिकारी
डोंगरगढ़ (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202312092200021**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2023-2024
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- मोहम्मद जाहिर,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद जाहिर आ. मोहम्मद उस्मान जाति मुसलमान सा. वार्ड नम्बर 20 थाना के पास डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक की पुत्री शमा बानो आ. मोहम्मद जाहिर का जन्म दिनांक 13.12.2002 को ग्राम डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.12.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/12/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

